52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.1 °c | अधिकतम 24.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13 सूर्यास्त-5:46 | वर्ष : 52/ अंक : 20 | सोमवार, 20 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

रिश्ते हो या रास्ते जब तक ठोकर नहीं लगती हैं, तब तक इंसान सही नहीं हो पाता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हमने बिहार में जातीय आधारित गणना कराई, हमने जो कहा, वह किया : तेजस्वी यादव



राहुल गांधी कह रहे हैं....बिहार में हुई जातीय जनगणना फर्जी थी.....

# कंपनी कर्मियों ने की हड़ताल, नहीं हुआ घरों से कूड़ा कलेक्ट

▶ कंपनी द्वारा सुपरवाइजरों का वेतन रोकने पर किया काम बंद ▶ यूजर चार्ज कंपनी में जमा न किए जाने पर हुई कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** पालिका संग क्षेत्र के 55 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़े का कलेक्शन करने में जुटी एमआई टूसी कंपनी में फिर हड़ताल हो गई, जिसके कारण रविवार को शहर में घर-घर कूड़ा उठान कार्य नहीं हो पाया। कंपनी के प्राइमरी जोन में रविवार सुबह डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए कर्मियों ने सुपरवाइजरों का वेतन रोकने के विरोध में भोपा रोड पार्किंग पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और वाहनों का चक्का जाम कर दिया। कंपनी अधिकारियों ने समझाया, लेकिन बिना वेतन दिए काम पर निकलने से इन कर्मियों ने इंकार कर दिया। नगरपालिका परिषद् को ग्रीन एंड क्लीन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी के साथ अनुबंध रास नहीं आ रहा है, जिसके कारण बड़ी धनराशि देने के बावजूद भी शहरी के 55 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य में सफलता नहीं मिल रही है। हालांकि इसके लिए सभी 55 वार्डों में कंपनी ने टीम के साथ टिपर गारबेज वाहनों के साथ कर्मचारी प्रतिदिन घर घर से कूड़ा उठान कार्य करते हैं। पूर्व में हुई एक सप्ताह की हड़ताल में बेपटरी हुआ अभियान रविवार को फिर से हुई हड़ताल से ठप हो गया। इस बीच कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पार्किंग से नहीं निकली और कर्मियों ने कंपनी पर वेतन रोकने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर कामबंद हड़ताल कर दी। प्रदर्शन के दौरान ही कंपनी के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह व अन्य अधिकारी उनके बीच पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन कर्मियों ने वेतन मिलने तक काम पर जाने से इंकार कर दिया। कर्मचारियों का कहना था कि कंपनी ने वार्डों में लगे सभी 55 सुपरवाइजरों का वेतन रोक दिया है। एसे में जब तक वेतन नहीं मिलेगा वो काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

“ **इन्होंने कहा- कंपनी के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह** का कहना है कि सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी वार्डों में घर-घर यूजर चार्ज फीस वसूल करते हुए उसे कंपनी के अकाउंट में जमा कराने की है। ऐसा देखने में आया है कि सुपरवाइजरों द्वारा घरों से बिना पर्ची दिए यूजर चार्ज वसूला गया और उसका हिसाब नहीं दिया जा रहा है। इसमें 55 सुपरवाइजरों में से मात्र 10-12 ने अपना हिसाब किया है। जबकि अन्य सुपरवाइजरों पर यूजर चार्ज के रूप में एक से दो लाख रुपये बकाया चल रहा है, लाख कहने पर भी वो हिसाब करने को तैयार नहीं है। ऐसे में सभी सुपरवाइजरों का दिसम्बर माह का वेतन रोका है, जबकि कूड़ा कलेक्शन में लगे वाहन चालकों व हैल्परों का वेतन दिया गया है। सुपरवाइजरों का दिसम्बर माह का वेतन तब तक जारी नहीं होगा, जब तक वो यूजर चार्ज का हिसाब कंपनी कार्यालय में आकर नहीं देते हैं। हमने यही संदेश दिया है, जो भी सुपरवाइजर अपना हिसाब देगा, उसका वेतन उसी समय जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों व हैल्परों को सुपरवाइजरों ने बरगला कर ही कामबंद हड़ताल कराई, उनको चेतावनी दी गई है कि यदि वो काम पर नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ”



## कंपनी पर पूर्व में लगा 5 दिन हड़ताल का 15 लाख जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** सफाई व्यवस्था में लगी एमआईटूसी कंपनी पर पालिका ने पांच दिन की हड़ताल के लिए 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए मासिक भुगतान से रकम की कटौती कर ली है। वहीं यूजर चार्ज फीस के लिए भी 27 लाख रुपये होल्ड कर दिए हैं। दिसम्बर माह के लिए कंपनी को पालिका द्वारा 48 लाख रुपये का भुगतान जारी किया गया है। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को वेतन नहीं दिये जाने के कारण नवम्बर माह में कर्मियों ने 5 दिनों तक हड़ताल की थी। इन पांच दिनों में शहर में कूड़ा कलेक्शन का काम ठप होने पर अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कंपनी के मासिक भुगतान से कटौती करने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार को दिए थे। हड़ताल समाप्ति के बाद कंपनी ने दिसम्बर माह का भुगतान पाने के लिए पालिका से डिमांड की थी। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर पालिका से कंपनी को दिसम्बर माह के लिए मात्र 48 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि उन्होंने यूजर चार्ज फीस के लिए 25 लाख का चैक पालिका को दे दिया था।

“ **इन्होंने कहा-** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि कंपनी पर पांच दिन की हड़ताल के लिए 15 लाख रुपये का जुर्माना ईओ के आदेश पर लगाया था, उसको दिसम्बर माह के भुगतान से काटा गया है, वहीं मासिक यूजर चार्ज के रूप में कंपनी का दिया चैक अभी क्लीयर नहीं हुआ है, पूर्व में भी कंपनी के चैक बाउंस हो गए थे, इसके चलते चैक क्लीयर होने तक कंपनी के उक्त भुगतान से 27 लाख रुपये होल्ड किए गए हैं, यदि कंपनी का दिया चैक क्लीयर होता है तो नियमानुसार शेष रकम रिलीज की जायेगी। ”

## ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने रचाई शादी

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसी)।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने जीवन के नए अध्याय की शुरूआत की है। वह शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने इसका एलान रविवार



को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- 'जीवन के नए अध्याय की शुरूआत अपने परिवार के साथ। हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जो हमें इस पल में एक साथ लाया।' नीरज की जीवनसंगिनी का नाम हिमानी है। नीरज की पत्नी हिमानी कौन हैं इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। वहीं, स्टार खिलाड़ी ने भी इसका खुलासा नहीं किया है। सामने आई तस्वीरों में लड़की के माता-पिता और नीरज के परिजन नजर आ रहे हैं, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि शादी बेहद ही निजी तरीके से किसी गुप्त स्थान पर की गई। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर दूर भाला फेंक रजत पदक जीता था। नीरज दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

# विकास की बात : अब कम्पनी बाग के बाहर चटोरों के लिए चौपाटी की सौगात

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** टाउन हॉल के बाहर तो चटोरों को चौपाटी की सौगात पहले से ही मिली हुई है, मगर अब एक और सौगात जल्द ही मुजफ्फरनगर को मिलने जा रही है। कम्पनी बाग के बाहर एमडीए द्वारा 6 अस्थाई दुकानें बनाई गयी हैं। इन दुकानों की कीमत 5 लाख रुपये के करीब आंकी गयी है। जल्द ही बोली लगाकर उक्त दुकानें ठेके पर छोड़ी जाएंगी। खूबसूरती से तैयार की गयी ये दुकानें रेस्टोरेंट, अन्य खाद्य पदार्थ आदि का काम चलाने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवंटित की जाएंगी। एमडीए का उद्देश्य है कि ये दुकानें बनाने में उन्होंने जो खूबसूरती बिखेरी है, उसका लाभ तभी होगा, जब यहां चटकारे लगाने के लिए रेस्टोरेंट खुल जाएंगे। अच्छी बात यह है कि एमडीए ने राउंड टेबल भी बनाई गयी है। टेबल के चारों ओर पत्थर की नक्काशी से शानदार कुर्सियां भी बनाई हैं, जिसमें रेस्टोरेंट पर आने वाले ग्राहक आराम के साथ यहां बैठकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनन्द ले सकेंगे। आते-जाते लोग फिलहाल कम्पनी बाग के बाहर बन रही इन दुकानों की खूबसूरती देख रहे हैं और माना जा रहा है कि जल्द ही एक और चौपाटी बाजार यहां बनकर खड़ा हो जाएगा और लोग आराम के साथ बिना किसी तकलीफ के शाम के समय अपने परिवार को लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए यहां जरूर आएंगे।



कम्पनी बाग के बाहर खूबसूरत अस्थाई दुकानों की कीमत 5 लाख के आसपास रहेगी।



एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति

## एक करोड़ की लागत से किया गया जीर्णोद्धार

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** कंपनी बाग में घूमने आने वाले लोगों के लिए इस व्यवस्था में एमडीए द्वारा एक करोड़ का खर्च किया गया है एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति ने बताया कि अगर ये प्रोजेक्ट सफल होता है तो आगे भी इसका विस्तार किया जाएगा और इसको जल्द ही बोली लगाकर ठेके पर छोड़ने का काम किया जाएगा। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख के करीब रखी जाएंगी।

## पार्किंग की भी होगी व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हॉल की तरह यहां आते-जाते लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि कम्पनी बाग के बाहर चौड़ी पटरी पर पहले से ही पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। आमजन का कहना है कि टाउन हॉल के बाहर से जब भी शाम के समय लोग निकलते हैं तो हर समय यहां जाम के हालात देखने को मिलते हैं, मगर कम्पनी बाग के बाहर यदि शानदार चौपाटी बाजार सजता है तो यह विकास की सौगात के साथ-साथ चटोरों के लिए भी चटपटी सौगात होगी। आसानी से इस चौपाटी बाजार पर पार्किंग मिल सकेगी साथ ही साथ शाम को परिवार सहित आने वाले लोग अपने बच्चों को अंदर झूले भी झुला सकेंगे। नगर पालिका ने भी पहले से ही इस बात की घोषणा की है कि कम्पनी बाग में प्रत्येक तरह के झूले, जू, शानदार फाउन्टेन जल्द ही आम जन को सौगात के रूप में दिये जाने वाले हैं। ऐसे में शहर के आमजन कम्पनी बाग के अंदर और बाहर दोनों का ही लुत्फ उठाते दिखाई देंगे।



## खो-खो का वर्ल्ड चैंपियन बना भारत, महिला और पुरुष दोनों टीमों ने जीता फाइनल

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसी)।** भारत ने खो-खो वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचते हुए पहले सीजन में पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए फाइनल



मुकाबलों में भारतीय टीमों ने नेपाल को हराकर चैंपियन का ताज पहना। महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया। वहीं, पुरुष टीम ने भी दमदार खेल दिखाते हुए नेपाल को 54-36 के अंतर से शिकस्त दी। पुरुष फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की शुरूआत शानदार रही। पहले टर्न में भारत ने 26 अंक बटोरने के साथ नेपाल को खाता खोलने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, दूसरे टर्न में नेपाल ने वापसी की कोशिश की और 18 अंक जुटाए, लेकिन भारतीय टीम ने अपनी 8 अंकों की बढ़त बनाए रखी। तीसरे टर्न में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए नेपाल को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया और 50 अंक के पार पहुंच गई। चौथे और अंतिम टर्न में भारत ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए 54-36 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की।

## शूटर मनु भाकर की नानी व मामा की सड़क हादसे में मौत

**चरखी दादरी, 19 जनवरी (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर की नानी और बड़े मामा की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सूचना के अनुसार, महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर



स्कूटी व ब्रेजा गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही मनु भाकर के मामा और नानी की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। दो दिन पहले ही मनु भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न अवॉर्ड मिला था। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाए। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस टीमें जांच में जुटी हैं।

# ...खूब हुई मस्ती, आओ अब फिर से चलें स्कूल

## आज से खुल रहे जनपद के सभी स्कूल, नहीं बढ़ेगी अब छुट्टी

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में जारी कड़ाके की ठंड व सर्द हवाओं के चलते शासन स्तर पर जारी निर्देशों के बाद लंबे समय से बंद चल रहे कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के सभी स्कूल अब 20 जनवरी से फिर खुलेंगे। पूर्व निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी स्कूलों में क्लास चलेंगी। सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के लिए यह आदेश लागू होगा। सर्द हवाओं व कोहरे के कहर के बीच बीते दो सप्ताह से बंद चले आ रहे स्कूलों में सोमवार से फिर रौनक लौटेगी। हालांकि स्कूलों के बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।

पहाड़ों पर जारी बर्फबारी एवं मैदानी इलाकों में हुई बारिश के बीच वेस्ट यूपी समेत जनपद में कड़ाके की ठंड व सर्द हवाओं का जारी प्रकोप कई दिनों बाद रविवार में बड़ा राहत भरा साबित हुआ। इसके साथ शीतकालीन अवकाश के बीच स्कूली बच्चों द्वारा खूब मौज मस्ती करने के दौर को ब्रेक लग गए। कहना गलत न होगा कि छुट्टी के दौरान बड़ी संख्या में बच्चे अपने परिजनों के साथ धार्मिक व पर्यटन केंद्रों की यात्राओं पर जाने के साथ ही बच्चे छुट्टियों में अपने नैनिहाल भी चले गए। अब शीतकालीन अवकाश के समाप्त होने के साथ रविवार को निकली तेज धूप और शिक्षा विभाग की ओर से घोषित अवकाश की समय सीमा समाप्ति के बाद वापसी लौटने लगे हैं। ऐसे में रविवार को बड़ी संख्या में बच्चे अब अपना गृह कार्य समाप्त कर पढ़ाई में जुटे दिखाई दिए। शीतकालीन अवकाश के दौरान खूब मौज मस्ती करने वाले बच्चों की बात की जाए तो अधिकांश बच्चों का कहना है कि अब स्कूल शुरू होने के साथ वे पुनः पढ़ाई में जुट जाएंगे तथा परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। वहीं एक निजी स्कूल से जुड़े संदीप शर्मा ने बताया कि अब शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालय 15 जनवरी को खुले थे, जिसके बाद कड़ाके की ठंड के चलते शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेशों के बीच 16 से 18 जनवरी तक फिर से अवकाश घोषित कर दिया गया था। अब सोमवार से विद्यालय खुल रहे है तथा बोर्ड परीक्षाओं के साथ गृह परीक्षाओं के लिए भी कम समय ही बचा है, ऐसे में विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए जी-जान से




जुटना होगा तथा शिक्षकों पर भी भार रहेगा कि वे विद्यार्थियों के इस अल्प समय की पढ़ाई के दौरान पढ़ाई व सिलेबस को कवर करें।

# दुखद : केवलपुरी मे मकान में लगी आग, दहेज का सामान हुआ खाक

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** शनिवार की देर रात थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला केवलपुरी में उस समय एक दुखद हादसा घटित हुआ जब शॉर्ट सर्किट के कारण एक मकान में आग लग गयी। आग इतनी भयंकर थी कि आग के बीच परिवार भी फंसा हुआ था मगर देर रात सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और उन्होंने आग पर काबू पाने के साथ-साथ परिवार को बाहर निकालने में भी कामयाबी हासिल की। हालांकि आग के कारण घर में रखा बेटी का दहेज का सामान पूरी तरह से स्वाह हो गया।

आपको बता दें कि केवलपुरी में रहने वाली संगीता तोमर के घर पर देर रात भयंकर आग लग गयी। संगीता तोमर की बेटी खुशबू सहारनपुर के एचडीएफसी बैंक की शाखा में लोन डिपार्टमेंट में कार्यरत है। बताया जाता है कि संगीता तोमर अगले महीने 18 फरवरी को अपनी बेटी की शादी की तैयारी कर रही थी, मगर शनिवार की देर रात संगीता द्वारा दहेज के लिए इकट्ठा किया गया सारा सामान जलकर खाक हो गया, जिसमें उनकी बेटी खुशबू की स्कूटी, वॉशिंग मशीन, टीवी, फ्रिज, कूलर, कपड़े, शूटकेश आदि सभी जलकर खाक हो गया। खुशबू का कहना है कि वह अपनी मां संगीता और दो भाईयों के साथ अंदर वाले कमरे में साई थी जबकि बाहर वाले कमरे में जब उनकी आंख खुली तो पूरी तरह से आग लग चुकी थी। इस बात का उन्हें पता जब लगता जब उनका दम घुटने लगा। आनन-फानन में जब परिवार के लोग उठे तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो उन्होंने आग बुझाने और परिवार को बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की। बाद में दमकल विभाग की गाड़ियों ने भी पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। खुशबू का कहना है कि घर में कमाने वाली वह अकेली है। उसके पिता की मौत के बाद मां और दो छोटे भाइयों की जिम्मेदारी उसी के सिर पर है और वह सहारनपुर में डेली अप-डाउन कर बैंक में लोन का कार्य करती है, मगर आज उसे बहुत दुख है कि उसके द्वारा तिनका-तिनका कर संजोया गया दहेज का सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया।





## यूपी बोर्ड में प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीखों में हुआ बदलाव

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड ने आगामी 22 जनवरी से 30 जनवरी तक जेईई मेंस की होने वाली परीक्षा को देखते हुए अपनी इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा की तिथि बदल दी है। यूपी बोर्ड की ओर से जारी नए शैड्यूल में अब प्रायोगिक परीक्षा प्रथम चरण में एक फरवरी से प्रारंभ




होकर आठ फरवरी तक चलेगी। इसी तरह दूसरे चरण की परीक्षा अब नौ से 16 फरवरी के मध्य कराई जाएगी। रविवार को इसकी समय सारिणी यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने शनिवार को जारी कर दी। उत्तर प्रदेश में यूपी बोर्ड परीक्षा की ओर से पूर्व में प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षा 23 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य तथा दूसरे चरण की परीक्षा एक से 8 फरवरी के मध्य होनी थी। बदले शैड्यूल में नई समय सारिणी के अनुसार अब प्रथम चरण में अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मीरजापुर, वाराणसी व गोरखपुर मंडल के सभी जनपदों में कराई जाएगी। इसी तरह दूसरे चरण में अब सहारनपुर, आगरा, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मंडल के जनपदों में कराई जाएगी।

# महाकुंभ में भीषण आग, 25 टेंट जलकर खाक

▶ एक के बाद एक तीन सिलेंडर फटे तो मच गई अफरा-तफरी, सीएम योगी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

▶ पीएम मोदी ने भी मुख्यमंत्री को फोन कर घटना और बचाव कार्य की जानकारी ली, पूरा अमला राहत में जुटा

**प्रयागराज, 19 जनवरी (एजेंसी)।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को भीषण आग लग गई। ये आग शास्त्रीय ब्रिज के नीचे सेक्टर 19 के इलाके में लगी। बताया जा रहा है कि खाना बनाते समय टेंट में आग लगी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उधर, सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीएम मोदी ने भी सीएम योगी से फोन पर बात की और मामले की जानकारी ली।

जानकारी के मुताबिक, शाम करीब चार बजे सेक्टर 16 स्थित दिगंबर अनी अखाड़ें में प्रसाद बनाया जा रहा था। इसी दौरान भीषण आग लग गई। टेंट में रखे तीन सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गए। 20 से 25 टेंट खाक हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में टीम को सफलता मिली। भीड़ अधिक होने के कारण दमकल को पहुंचने में समय लगा। पूरे महाकुंभ मेला में अलर्ट जारी कर दिया गया। हरिराम त्रिपाठी व देवेंद्र त्रिपाठी शांतनु निवासी दारागंज के मेले में घूम रहे थे। इस दौरान एक शिविर से धुआं उठते देखा। इसके बाद यह लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सिलेंडर निकालकर बाहर फेंकने लगे। इस दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए। यूपी के मंत्री एके शर्मा ने बताया कि आग पर 20 मिनट के भीतर काबू पा लिया गया। घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है और इसके लिए मैं मां गंगा, त्रिवेणी और लेटे हनुमान जी को धन्यवाद देता हूं। हमारी पुलिस टीम और एनडीआरएफ मौके पर है।" आग लगने के दो मिनट बाद फायरब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। दस मिनट मशक्कत के बाद भी आग नहीं बुझ सकी, इसके बाद अन्य टीमों ने भी आग बुझाने के लिए मोर्चा संभाला। आग बढ़ते-बढ़ते करीब 100 वर्ग मीटर से ज्यादा फैल गई। आग की लपटें 30 फीट ऊंचाई तक उठ रही थीं।अफरा-तफरी के बीच अफसर भी मौके पर भागते नजर आए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी महाकुंभ क्षेत्र में ही हैं। महाकुंभ में लगी भीषण आग में 50 से ज्यादा टेंट आग की चपेट में आए। आग मुख्य रोड पर लोहे के ब्रिज के पास लगी थी। हवा की गति सामान्य से तीन गुना तेज होने के चलते अन्य टेंट भी आग की चपेट में आ गए। दमकल की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने में लगी रहीं।



## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 19 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1817-कलकत्ता हिन्दू कॉलेज की स्थापना हुई। 1840-डच राजा विलियम द्वितीय की ताजपोशी। 1871-टाटा समूह को खड़ा करने वाले चार लोगों में से एक रतनजी टाटा का जन्म। 1887-अमेरिकी सीनेट ने 'पर्ल हार्बर' को नौसैनिक अड्डा बनाने की अनुमति दी। 1892-पहली बार बास्केट बॉल खेला गया। 1920-अमेरिका में नागरिक स्वतंत्रता संघ की स्थापना। 1925-सोवियत संघ और जापान के बीच सहयोग समझौता हुआ। 1940-भारतीय अभिनेता और राजनेता कृष्णम राजू का जन्म। 1945-भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का जन्म। 1949-अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने अपनी चार सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा। 1950-दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम नीदरलैंड से स्वतंत्र हुआ। 1957-भारत की पहली 'परमाणु भट्ठी अप्सरा' का उद्घाटन हुआ। 1958-नाटो के प्रक्षेपास्त्रों की तैनाती की सुविधा न देने की स्थिति में यूनान पर आर्थिक प्रतिबन्ध लगाने की धमकी सोवियत संघ ने दी। 1961-जॉन एफ. केनेडी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। 1961-भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अंजलाई अम्मल का निधन। 1968-इराक के राष्ट्रपति आरिफ हटा दिये गए। 1972-अरुणाचल प्रदेश केंद्रशासित प्रदेश तथा मेघालय राज्य बना। 1980-अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया। 1982-मध्य अमेरिकी देश होंडुरस में संविधान प्रभावकारी हुआ। 1988-भारत रत्न सम्मानित महान स्वतंत्रता सेनानी खान अब्दुलग़फ़्फ़ार खान का निधन। 1989-जॉर्ज बुश ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। 1990-सोवियत सैनिकों ने अजरबैजान की राजधानी बाकू पर धावा बोला, अनेक लोग मारे गए। 2001-जार्ज बुश जूनियर संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बने, ग्लोरिया आरोया फिलीपींस की राष्ट्रपति बनीं। 2002-भारत की गुप्तचर संस्था 'रॉ' (रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग) के संस्थापक रामेश्वर नाथ काव का निधन। 2005-भारतीय अभिनेत्री परवीन बॉबी का निधन। 2006-नासा ने प्लूटो के लिए न्यूहोराइजन यान को प्रक्षेपित किया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1460, रसकट ढैया 1250-1260, चाकू 1350-1615, लड्डू 1500-1595, खुरपापाड़ 1400-1420, शक्कर मसाला 1520-1530। आमद- 4000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 80900 | चांदी- | 91550 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 60480 |

## आपका आज का राशिफल

सोमवार, 20 जनवरी, 2024

**मेष-** आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**वृषभ-** व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभदायक, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/04 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश।

**कर्क-** आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, धार्मिक कार्यों में रुचि, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।

**सिंह-** समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।

**कन्या-** साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

**तुला-** आज दिन 10/04 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, जोखिम से हानि, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, सफलता, मनोविनोद।

**वृश्चिक-** आज दिन 10/04 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

**धनु-** व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।

**मकर-** समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।

**कुम्भ-** आज दिन 10/04 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।

**मीन-** आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# कूकड़ा मंडी में जीव-जंतु कल्याण बोर्ड ने पशु-पक्षियों की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

### एक दिवसीय फ्री एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का किया आयोजन

मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)। भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के आह्वान पर जनपद मुख्यालय पर कूकड़ा मंडी में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशुपति जीव सेवा संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के सम्मानित चिकित्सकों ने लोगों को पशु-पक्षियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

विभागीय अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पशु-पक्षी हमारी धरा का अभिन्न अंग हैं। ये हमारे पर्यावरण और संस्कृति का हिस्सा हैं। किसी न किसी रूप में ये हमारे पर्यावरण व प्रकृति का संतुलन बनाए रखते हैं। हमें इन समस्त जीव जंतुओं के संरक्षण के साथ-साथ संवर्द्धन भी करना है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 से 30 जनवरी तक पशु कल्याण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के इस मशीनी युग और अत्याधिक प्रतिस्पर्द्धात्मक जीवन शैली के कारण पर्यावरण का बहुत अधिक विनाश हो चुका है। इसके कारण मानव व जीव जंतुओं के स्वास्थ्य, व्यवहार एवं जैविक क्रियाओं पर खतरनाक तरीके से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे पशु कल्याण पखवाड़े के दौरान निराश्रित पशुओं को चारा-पानी आश्रय की व्यवस्था तथा रोगी और घायल पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से करें।




इस चिकित्सा शिविर का आयोजन सहयोगी संस्था पशुपति जीव सेवा फाउंडेशन के माध्यम से किया गया, इसमें गौसेवक अमन सोनकर, सावन, मोहित, विपुल, सचिन बिड़ला, शुभम शर्मा के साथ ही पशुपालन विभाग अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, डॉ. नीरज कुमार, अरविन्द मलिक आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## बहराइच में बाघ के हमले में किसान की मौत, ग्रामीणों में भय

**बहराइच, 19 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना सुजौली क्षेत्र के एक किसान की बाघ के हमले में मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान शिवधर चौहान (55) खेत की रखवाली के लिए गया था। शनिवार शाम को खेत पर गए शिवधर देर रात तक वापस नहीं लौटा, जिससे उनके परिवार में चिंता बढ़ गई। रविवार सुबह, परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर शिवधर की खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान उनका क्षत विक्षत शव आज सुबह जंगल के निकट पाया गया। शव की स्थिति से स्पष्ट हो गया कि उन पर बाघ ने हमला किया था, जिसने उनके चेहरे और शरीर के अन्य भागों को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाई थी। इस घटना ने ग्रामीणों को गहरे सदमे में डाल दिया है। दूसरी ओर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि किसान की मौत बड़े जंगली जीव के हमले में हुई है और फिलहाल बाघ और तेंदुए के पद चिन्हों की जांच की जा रही है।**

# ब्याजखोरों से दुखी व्यक्ति ने बेटे व पत्नी का किया कत्ल, खुद गंभीर

### आरोपी ने किया था आत्महत्या का प्रयास, 12 लाख का लिया था कर्ज, चुकाए थे 21 लाख

पुणे, 19 जनवरी (एजेंसी)। महाराष्ट्र से पुणे शहर में हुए वारदात के मामले में पुलिस ने बताया कि शनिवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे को नींद की गोलियों की भारी खुराक देकर मार डाला और फिर साहूकारों की तरफ से 'उत्पीड़न' के कारण आत्महत्या का प्रयास किया। पुणे शहर के पास चिखली के वैभव हांडे नाम के व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस ने संतोष कदम, सुरेखा कदम, संतोष पवार और जावेद खान नाम के चार लोगों के खिलाफ इस मामले में केस दर्ज किया है।

मामले में शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने मूलधन और अतिरिक्त 9 लाख रुपये साहूकारों को चुका दिए थे, लेकिन वे उसे और अधिक भुगतान करने के लिए परेशान कर रहे थे। पीड़ित वैभव ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने अपनी पत्नी शुभांगी हांडे और बेटे धनराज को सुबह कई नींद की गोलियां दीं, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद वैभव ने अपने फ्लैट में छत के पंखे से लटकने की कोशिश की।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात वैभव ने अपने 14 वर्षीय बेटे के मोबाइल फोन पर एक नोट भेजा था, जिसे उसने मुंबई में अपने रिश्तेदार के घर भेजा था, जिसमें उसने अपनी योजना का विवरण दिया था। सुबह संदेश पढ़ने के बाद लड़का घबरा गया और अपने परिवार के बारे में जानने के लिए अपने पड़ोसियों को फोन किया। अधिकारी ने बताया कि जब पड़ोसियों ने बार-बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, तो उन्होंने पुलिस को फोन किया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट में घुसी तो वैभव को जीवित पाया। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वैभव की शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, 'शिकायतकर्ता ने आरोपी संतोष कदम और सुरेखा से क्रमशः 6 लाख रुपये और 2 लाख रुपये मासिक 10 प्रतिशत ब्याज दर पर उधार लिए थे। उसने जावेद खान से भी उच्च ब्याज पर 4 लाख रुपये लिए थे।' अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने मूलधन और अतिरिक्त 9 लाख रुपये साहूकारों को चुका दिए थे, लेकिन वे उसे और अधिक भुगतान करने के लिए परेशान कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

## प्रयागराज का महाकुंभ समरसता का प्रतीक: मोदी

नई दिल्ली, 19 जनवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को समरसता का प्रतीक करार देते हुए रविवार को कहा कि यह विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" की 118वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं। कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत समेत पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। उन्होंने कहा, "हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। उन्होंने कहा, "महाकुंभ में भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं - तभी तो "कुंभ" एकता का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का आयोजन इसका संकेत है कि हमारी परम्पराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उत्तर से दक्षिण तक मान्यताओं को मानने के तरीके एक जैसे ही हैं।

## पुलिस ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया

सुकमा, 19 जनवरी (वार्ता)। छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के थाना चिंतागुफा क्षेत्र में पुलिस ने दो ईनामी नक्सली समेत कुल तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में से एक नक्सली पर दो लाख रुपये और एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम था। गिरफ्तार नक्सली साल 2024 में दुलेड़ के पास हुए एक पिकअप वाहन लूटपाट और वाहन में आग लगाने की घटना में शामिल थे। चिंतागुफा पुलिस बल और डीआरजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्मूलन अभियान के तहत 16 जनवरी 2025 को थाना चिंतागुफा से जिला बल और डीआरजी की संयुक्त पार्टी दुलेड़, मेटागुड़ा, एर्रनपल्ली और आसपास के जंगल क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी।

# महाकुंभ में भयंकर आग लगने के कारणों की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

### सेक्टर मजिस्ट्रेट ने मौके पर जाकर की पड़ताल



प्रयागराज, 19 जनवरी (एजेंसी)। सेक्टर 19 स्थित श्री करपात्र धाम एवं गीता प्रेस के शिविर में लगी आग की जांच मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार वर्मा को दी गई है। वह आग लगने के कारणों की जांच करने के अलावा इससे हुए नुकसान का भी आकलन करेंगे। ।जिस्ट्रेट ने जांच भी शुरू कर दी है। सेक्टर 19 स्थित शिविरों में दिन में करीब चार बजे आग लगी थी। प्रारंभिक तौर पर गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लगने की बात कही जा रही है। इसमें 300 से अधिक कॉटेज जल के राख हो गए हैं। घटना की गंभीरता और आग की भयावहता को देखते हुए मजिस्ट्रे से जांच कराने का आदेश दिया गया है। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि जांच सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी गई है। उन्होंने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट आग लगने के कारण, इससे हुए नुकसान समेत सभी पहलुओं की जांच करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आग की घटना के बाद यह भी चर्चा रही कि कई शिविरों में अवैध तरीके से सिलेंडर रखे गए हैं। कई लोगों ने बिना कनेक्शन के पांच लीटर के सिलेंडर भी रखे हैं। इससे खतरा बना रहता है। मेलाधिकारी की ओर से इसकी जांच के भी आदेश दिए गए हैं। मेलाधिकारी का कहना है कि कोई भी अवैध तरीके से सिलेंडर न रखने पाए इसे सुनिश्वित किया जाएगा। इसके लिए जांच लगातार जारी रहेगी। भीषण आग में राख हुए श्री करपात्र धाम और गीता प्रेस के शिविर पुराने स्वरूप में उसी स्थान पर बनाए जाएंगे। इसके लिए आदेश दे दिया गया है। दो दिन में शिविर तैयार करने के लिए कहा गया है। तब तक के श्रद्धालुओं को दूसरे शिविरों में शिफ्ट कर दिया गया है। टेंट के बजाय दोनों संस्थाओं के कॉटेज सरपत से खास तरीके से बनाए गए थे। इनके निर्माण के लिए विशेषज्ञ कारिगरों को बुलाया गया था। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि दोनों संस्थाओं के शिविर पुराने स्वरूप में बनाए जाएंगे। इसके लिए वर्क ऑर्डर हो गया है।

# उत्तराखंड के वक्फ बोर्ड के मदरसों में तहतानिया और फौकानिया कोर्स की पढ़ाई पर लगाई रोक

### सरकारी विद्यालयों की तरह उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का पाठ्यक्रम होगा लागू



देहरादून, 19 जनवरी (एजेंसी)। उत्तराखंड में वक्फ बोर्ड के मदरसों में आगामी शिक्षा सत्र से बच्चे तहतानिया और फौकानिया की पढ़ाई नहीं करेंगे। उन्हें मुंशी और मौलवी भी नहीं पढ़ाया जाएगा। राज्य के सरकारी विद्यालयों की तरह मदरसों में भी उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का पाठ्यक्रम लागू होगा। यह कहना है वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स का। उन्होंने कहा, बोर्ड ने राज्य का पहला मॉडल मदरसा देहरादून में स्थापित किया है। इसमें संस्कृत एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल होगा।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के मुताबिक, राज्य में वक्फ बोर्ड के 117 मदरसे हैं। इन सभी में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का पाठ्यक्रम लागू होगा। उन्होंने कहा, देहरादून रेलवे स्टेशन के पास मुस्लिम कॉलोनी में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से एक मॉडल मदरसा स्थापित किया गया है। पूर्व सैनिक इस मदरसे में छात्र-छात्राओं को शारीरिक शिक्षा का प्रशिक्षण देंगे ताकि उनमें देशभक्ति की भावना पैदा की जा सके। वहीं, संस्कृत के लिए भी शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। बच्चों को सही दिशा और शिक्षा मिले इसके लिए यह किया जा रहा है। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार आगामी फरवरी में इस मदरसे की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। मार्च में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुभारंभ करेंगे। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स के मुताबिक, राज्य में कई मदरसे अवैध रूप से चल रहे हैं। इस तरह के मदरसों को बंद किया जाना चाहिए। कहा कि इनमें पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## तेलंगाना में पंच केदार और बदरीनाथ मंदिर निर्माण पर भेजा नोटिस, मंदिर ट्रस्ट से 15 दिन में मांगा जवाब

देहरादून, 19 जनवरी (एजेंसी)। तेलंगाना में पंच केदार मंदिर और बदरीनाथ धाम मंदिर निर्माण पर बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने संज्ञान लिया है। बदरी-केदार के बीकेटीसी की ओर से श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट और उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है।

बदरी-केदार के नाम और दोनों धामों के फोटो के इस्तेमाल करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल की ओर से नोटिस जारी किया गया है। कहा गया कि श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से तेलंगाना में पंच केदार मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के प्रचार-प्रसार में भी केदारनाथ धाम की फोटो लगाई गई है। इससे सनातन धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंची है। बीकेटीसी की ओर से तेलंगाना में बदरीनाथ मंदिर का निर्माण करने पर उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को भी नोटिस जारी किया है। मंदिर, गर्भगृह को पूरी तरह से बदरीनाथ धाम मंदिर के प्रतिकृति के रूप में की गई। जो धार्मिक मान्यताओं, भावनाओं व सनातन आस्थाओं के खिलाफ है। बीकेटीसी ने दोनों संस्थाओं से 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से वसूली पर भड़के कार्यकर्ता, धरने पर बैठे

छपार, 19 जनवरी (बु.)। जिला पंचायत की ओर से बरला-बसेड़ा मार्ग पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टैक्स वसूला जाता है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता के ट्रैक्टर ट्रॉली से वसूली करने पर भाकियू कार्यकर्ता बरला में धरने पर बैठ गये। उनका कहना है कि वसूली बंद होनी चाहिए। रविवार को भाकियू कार्यकर्ता छपार निवासी मुसर्रफ की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब बरला पहुंची, तो वहां मौजूद जिला पंचायत के ठेकेदार ने उसे रोककर रुपये ले लिये, जिससे उसने भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान को शिकायत की, जिस पर गुस्साए दर्जनों कार्यकर्ता शाम के समय बरला पहुंचे और धरने पर बैठ गये। उनका आरोप है कि जिला पंचायत के नाम पर कुछ लोग अवैध वसूली कर रहे हैं, जब तक वसूली बंद नहीं होती और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। एक घंटे बाद ठेकेदार सचिन चौधरी धरना स्थल पर पहुंचा और माफी मांगी और कहा कि 50 कुंतल तक लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कोई वसूली नहीं होगी, उसके बाद धरना समाप्त किया गया। शमशाद उर्फ काला, राशिद, उस्मान, अशरफ, काका, शशि, शहजाद, अखलाक आदि मौजूद रहे।



# राहुल गांधी के 'इंडियन स्टेट' वाले बयान पर असम में गंभीर धाराओं में हुआ मुकदमा दर्ज



नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ असम के गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला उनके हालिया बयान को लेकर है, जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि उनकी लड़ाई सिर्फ बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी है। राहुल गांधी ने यह बयान 15 जनवरी को दिल्ली के कोटला रोड पर कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान दिया था। जिस पर मोनजीत चेतिया ने गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 152 और 197(1)डी के तहत दर्ज की गई है। यह मामला संज्ञेय और गैर-जमानती अपराधों से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राहुल गांधी के बयान से भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो सकता है। मोनजीत चेतिया ने कहा कि राहुल गांधी ने "फ्री स्पीच की सीमा को पार कर लिया" और उनका बयान राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने जानबूझकर "विध्वंसक गतिविधियों और विद्रोह" को बढ़ावा देने की कोशिश की। चेतिया ने यह भी दावा किया कि इस प्रकार की टिप्पणी अलगाववादी भावनाओं और अशांति को भड़काने का प्रयास है। राहुल गांधी ने 15 जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन समारोह में कहा था कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं है, बल्कि "इंडियन स्टेट " के खिलाफ भी है।

## निष्कासित करने से नाराज छात्र ने प्रिंसिपल पर किया जानलेवा हमला

पटना, 19 जनवरी (एजेंसी)। नालंदा जिले के सेंट जोसेफ स्कूल के प्रिंसिपल पर हुए हमले ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। इस गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 48 घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना 16 जनवरी की रात को एनएच-20 के किनारे कासिमचक के पास हुई थी।

नालंदा एसपी भारत सोनी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि पुलिस की विशेष जांच टीम ने सैयद नजफ जाफर अहमद उर्फ अयान और आरफिन कुदरत उर्फ साजी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बिहार थाना क्षेत्र के निवासी हैं और इन्हें रेलवे गुमटी के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक कार, एक जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। जांच में पता चला है कि घटना को अंजाम देने की साजिश लगभग दो वर्ष पहले रची गई थी। मुख्य आरोपी स्कूल का पूर्व छात्र है। उसने अपनी निष्कासन के बदले की भावना से प्रिंसिपल पर जानलेवा हमला किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अन्य सहयोगियों के नाम भी उजागर किए। इस हमले में कुल पांच लोगों की भूमिका सामने आई है। पुलिस अब अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है।

# औली में खिलाड़ियों के साथ सीएम धामी की पत्नी ने की स्कीइंग

### वर्ल्ड स्नो डे पर उमड़े पर्यटकों ने उठाया बर्फ का लुत्फ, बच्चों ने जमकर की मौज-मस्ती

चमोली, 19 जनवरी (एजेंसी)। औली में वर्ल्ड स्नो डे पर स्थानीय स्कीइंग खिलाड़ियों और पर्यटकों ने जमकर बर्फ का लुत्फ उठाया। पर्यटकों के साथ उनके बच्चे भी बर्फ में जमकर मौज मस्ती करते नजर आए। स्की एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन उत्तराखंड/चमोली, आईस स्केटिंग एसोसिएशन चमोली, विंटर गेम्स फेडरेशन ऑफ उत्तराखंड, पर्यटन कारोबारियों व स्थानीय स्कियर्स ने संयुक्त रूप से विश्व हिम दिवस मनाया। स्थानीय लोगों, पर्यटकों व बच्चों ने स्नो मैन बनाया।

इसके साथ स्कीइंग, टायर ट्यूब राइडिंग, स्नो बोर्डिंग, फन स्कीइंग का लुत्फ उठाया। एसोसिएशन के रविंद्र कंडारी, विवेक पंवार, संतोष कुंवर, दिनेश चंद्र भट्ट, अजय भट्ट ने पर्यटकों को स्कीइंग की बेसिक जानकारी दी। संजय कुंवर ने बताया कि हर साल जनवरी के तीसरे सप्ताह में विश्व के 45 देशों में बर्फीले खेलों के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वर्ल्ड स्नो डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देना और सर्दियों के मौसम का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया जाता है।

इस अवसर पर जीएमवीएन के प्रबंधक प्रदीप मंद्रवाल, किशोर डिमरी, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, सुहानी ठाकुर सहित कई पर्यटक व स्कीइंग खेलों से जुड़े लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने औली पहुंचकर यहां की हसीन वादियों का आनंद लिया। पूरी तरह से निजी रहे इस कार्यक्रम के बारे में ज्यादा लोगों को भनक भी नहीं लग पाई। बर्फ से ढका औली इन दिनों हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। औली सैलानियों से गुलजार है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी आम पर्यटक बनकर औली पहुंचीं, रविवार को उन्होंने औली के विभिन्न जगह पर सैर-सपाटा किया। औली में पर्यटकों को भी इस बात की भनक नहीं लगी कि उनके बीच में मुख्यमंत्री की पत्नी भी सैर कर रही हैं।

## चली कार में लगी आग, जनहानि होने से बची



मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)। देर रात बुढ़ाना रोड पर एक नीले रंग की स्विफ्ट कार में चलते हुए अचानक से आग लग गयी। जैसे से ही कार में आग लगी तो सड़क पर आसपास चल रहे वाहन स्वामियों ने कार चालक को इसकी सूचना दी। कार चालक ने तुरंत कार रोकी और कार से बाहर निकल गया। इसी बीच कार ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार धूं-धूंकर जलने लगी। इस बात का शुक्र रहा कि कार जलने के दौरान किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## सैफ पर हमले के आरोपी को पांच दिन की पुलिस हिरासत

मुंबई, 19 जनवरी (वार्ता)। मुंबई की एक अदालत ने रविवार को अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोपी बंगलादेशी नागरिक मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को 24 जनवरी तक पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आगे की जांच के लिए आरोपी की 14 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने पांच दिन की हिरासत मंजूर की। इससे पहले आरोपी को अपराह्न डेढ़ बजे भारी पुलिस सुरक्षा में बांद्रा की अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया। पुलिस द्वारा रिमांड आवेदन पेश करने के बाद अदालत ने पुलिस हिरासत मंजूर कर ली। आरोपी के वकील ने पुलिस के दावों का खंडन करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल बंगलादेशी नागरिक नहीं है और उसके पास अपनी पहचान साबित करने के लिए कई दस्तावेज हैं। वकील ने पुलिस के आरोपों को झूठा करार दिया। उनके वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को बलि का बकरा बनाया गया है और इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है।

## एसपीओ ने बेटे, बहू को मारी गोली, खुद भी लगाई फांसी

हिसार, 19 जनवरी (वार्ता)। हरियाणा के हिसार में शराब पीने से रोकने से खफा होकर एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) ने रविवार सुबह बेटे और बहू को गोली मार दी तथा कुछ घंटे बाद खुद को फांसी लगा ली। तीनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हिसार शहर के नजदीक बीड़ बाबरान गांव में सुबह करीब 11 बजे एसपीओ कश्मीर सिह ने बेटे लवलप्रीत सिह (26) और बहू गुरप्रीत कौर (24) को गोली मारी। गुरप्रीत ने मीडिया के सामने बयान में अपने ससुर पर गोली मारने का आरोप लगाया। घायल लवलप्रीत के ताऊ गुरजंट सिह, जो पड़ोस में ही रहते हैं, ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे कश्मीर सिह के घर से गोली चलने की आवाज आई। वह दौड़कर गए तो वहां लवलप्रीत और गुरप्रीत को घायल अवस्था में पाया। लवलप्रीत को पसलियों में और गुरप्रीत को पीठ में गोली लगी थी। उन्होंने दोनों को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

## अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि को पीएम मोदी ने सराहा

नई दिल्ली, 19 जनवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और अभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले अपने मासिक कार्यक्रम "मन की बात" में कहा कि आईआईटी मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। ये केंद्र अंतरिक्ष में 3डी प्रिंटेड बिल्डिंग, धातु फॉम और ऑप्टिकल फाइबर्स जैसे तकनीकों पर रिसर्च कर रहा है। ये सेंटर बिना पानी के कांसेंट्रेट निर्माण जैसी क्रांतिकारी विधियों को भी विकसित कर रहा है।

# स्वच्छता की अलख जगाने पर बलजीत सिंह को मिला गोल्ड मेडल

### सरदार बलजीत सिंह अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी द्वारा समाजसेवा में गोल्ड मेडल सहित मानद उपाधि से सम्मानित

नई दिल्ली/मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)। स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार एवं वरिष्ठ समाजसेवी सरदार बलजीत सिंह को यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका की केडरब्रुक यूनिवर्सिटी द्वारा समाजसेवा में डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी में गोल्ड मेडल सहित मानद उपाधि से 18 जनवरी 2025 को वाधवान इंडिया अवार्ड काउंसिल आयोजन में दिल्ली में सम्मानित किया है। इसके अलावा कई देशों के 27 अन्य लोगों को भी इसी क्रम में शामिल किया गया।

सरदार बलजीत सिंह 2008 से समाजसेवा में अग्रसर है। 2013 में मास्टर ऑफ सोशलवर्क की डिग्री प्राप्त की। उपरांत इसके, वे मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में जनपद सलाहकार रहे। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय में डीपीएम कार्यरत रहे कार्यों से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से जनजीवन को समर्पित रहे।

कोविड/कोरोनाकाल में जब लोग घरों से निकलने से डरते थे, तब हुई असली परीक्षा..जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा शहर में खान पान व्यवस्था अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके चलते मुजफ्फरनगर की लगभग 118 समाजसेवी, धार्मिक, राजनीतिक, संस्थाओं एवं स्वयंसेवियों को एक साथ जोड़कर सभी के सहयोग से शहर में खानपान, राशन, दवाई जरूरत का सामान जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया। दिन-रात ड्यूटी को समर्पित रहे, जिससे शहर में कोई भी भूखा नहीं सोया, रिकॉर्ड कायम किया।

कोविड में महाराष्ट्र में फंसे 47 जिलों के लगभग 1101 लोगों को ट्रेन द्वारा मुजफ्फरनगर भेजा गया। ट्रेन में आए अधिकांश लोग पॉजिटिव थे, जिसकी सूचना पहले से थी। अपनी जान की परवाह किए बगैर जिम्मेदारी को समाजसेवी संस्थाओं और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के साथ मिलकर बखूबी निभाया। तीन दिन से भूख-प्यास से तड़पते बच्चे, महिलाएं, पुरुष जो भूख के लिए स्टेशनों में तोड़फोड़ करते आ रहे थे, जिनको मौके पर ही शांतकर भोजन, दूध व्यवस्था उपलब्ध करवाकर घर तक पहुंचाने में कामयाब रहे।

कोविड के द्वितीय चरण में ऑक्सीजन के सिलेंडर अपने कंधे पर रखकर लोगों की जान बचाते नजर आए। कोविड से मृत लोगों की टीम सहित अंतिम संस्कार भी करवाए गए। कोविड के दौरान एक रिकॉर्ड कायम किया, जिससे सभी समुदायों में अपनी जगह बनाई। इसके चलते कई हजारों सम्मान एवं अवॉर्ड भी आपके नाम है। पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, औषधि वाटिका, सैकड़ों विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना उनकी फीस, किताबों सहित सहयोग करना, जैविक खेती को बढ़ावा देना, स्वच्छता कर्मचारियों के प्रति नागरिकों का नजरिया सकारात्मक करना, स्वच्छ भारत मिशन में नए आयाम सृजित करने की दिशा में निरंतर कार्य करते हैं और अपनी भाषा शैली से नागरिकों के दिलों पर राज करते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन में नगर निगम दिल्ली, चंडीगढ़ पंजाब के राज्य सलाहकार तैनात रहे नगर निगम पटना, पिंपरी चिंचवड़ पुणे, गोहाटी आसाम, आगरा, लखनऊ में क्षमता संवर्धन एवं आईईसी, डोर-टू-डोर कूड़ा प्रथक्करण, सिंगल प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम, जीरो वेस्ट कार्यक्रम, स्वच्छ सर्वेक्षण, कूड़ाघरों का सौंदर्यीकरण नागरिकों को स्वच्छता के साथ जोड़ना और सभी समुदाय में जनजागरूकता, जनसहभागिता के लिए जाने जाते हैं। समाजसेवा को समर्पित कम उम्र में अपने कार्यों से लोहा मनवा कर मौके पर अब आगरा नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सभी मिलने जानने वाले गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रंप का दूसरा कार्यकाल और भारत

आज से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत करेंगे। दुनिया में सबसे प्रभावशाली देश के राष्ट्रपति का कार्यकाल न केवल उस देश की नीतियों को प्रभावित करता है, बल्कि इसका वैश्विक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव रहता है। यह प्रभाव आर्थिक नीतियों से लेकर कूटनीतिक फैसलों तक रहता है। ट्रंप को अक्सर 'अनप्रिडिक्टेबल' कहा जाता है, यानी किसी भी मुद्दे पर उनका रुख क्या होगा, इसका अंदाजा पहले से नहीं लगा सकते। ट्रंप के चुने जाने के बाद ही से जार्ज सोरोस, मोहम्मद यूनुस जैसे लोगों की नींद हराम है। यानी डीप स्टेट में बेचैनी है।भारत पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। मोदी-ट्रंप की दोस्ती जग जाहिर है, लेकिन यह भी सच है कि दोनों अपने-अपने देश का हित सबसे आगे रखते हैं यानी दोस्ती अपनी जगह और राष्ट्रहित अपनी जगह, फिर भी माना यही जा रहा है कि जो होगा अच्छा होगा। कई सवालों में एक सवाल यह है कि क्या भारत को अमेरिका के लिए सामान निर्यात करने पर ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा? भारत और अमेरिका के व्यापार संबंधों में एक नयी दिशा भी देखने को मिल सकती है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन 'अमेरिका फर्स्ट' नीति पर जोर देता है, जिसका भारत को सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सवाल यही उठता है कि भारत इस स्थिति को डिप्लोमैटिक तरीके से कैसे संभालेगा? पिछली बार भी ट्रंप ने भारत के स्टील और एल्युमिनियम पर टैरिफ लगाए थे और कुछ हफ्ते पहले भी उन्होंने टैरिफ को लेकर बात कही थी। देखना यह है कि मोदी सरकार इस बार अपने तीसरे कार्यकाल में अमेरिका के साथ समझौते को लेकर क्या रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाती है, जो दोनों देशों के लिए लाभकारी हो। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संतुलन बनाना अमेरिकी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। इन तीन देशों का अपने-अपने संदर्भ में अमेरिका के साथ गहरा संबंध है और दक्षिण एशिया की अमेरिकी रणनीति में इन देशों की भूमिका बहुत अहम रहेगी। दक्षिण एशिया में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और मालदीव आते हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि इस इलाके में 1.94 अरब लोग रहते हैं। दक्षिण एशिया में भारत एक तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। इन देशों में भारत ने कुछ सालों में अपनी स्थिति मजबूत बनाई है। ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत की स्थिति वैसे ही रहेगी? अमेरिका के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच के रिश्ते में काफी बदलाव आ चुका है। पिछले कई हफ्तों में अमेरिका ने पाकिस्तान की मिसाइल संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका का कहना है कि पाकिस्तान एक लंबी दूरी वाली मिसाइल बना रहा है। अमेरिका ने सोचा कि ये मिसाइल उनके खिलाफ जा सकती है। ये सवाल उनके चुने जाने के बाद ही से उठ रहे हैं कि अमेरिका और चीन के रिश्ते में क्या बदलाव आएगा? इसराइल और हमास के बीच जो संघर्ष विराम का समझौता हुआ है, वह मध्य पूर्व में कितनी स्थायी शांति लाएगा? रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत होने की क्या संभावना है? जलवायु परिवर्तन पर अमेरिका का रुख क्या होगा? और दक्षिण एशिया में भारत को अमेरिका से किस तरह की अपेक्षाएं रखनी चाहिए? इसराइली कैबिनेट ने गजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ हुए समझौते को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन-रूस और मध्य पूर्व में संघर्षों को लेकर कहा था कि अगर वो सत्ता में आए, तो ये युद्ध जल्द से जल्द समाप्त हो जाएंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रंप के नए प्रशासन में वह उन देशों पर अधिक दबाव डालेंगे, जो इसराइल के विरोधी हैं या जिनके इसराइल के साथ शत्रुतापूर्ण संबंध हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में इसराइल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बहुत स्पष्ट थी और उन्होंने इसराइल की सुरक्षा को प्राथमिकता दी थी। अब उनके दूसरे कार्यकाल में भी यही उम्मीद की जा रही है कि उनका रुख पहले जैसा ही रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले उनका ग्रीनलैंड पर दिया गया बयान भी चर्चाओं में है, ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने में दिलचस्पी दिखाते हुए ये संकेत दिया है कि अमेरिका इसके लिए अपनी आर्थिक ताकत या सेना का इस्तेमाल कर सकता है। सबसे पहले साल 2019 में डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को खरीदने की इच्छा जताई थी। ट्रंप के ग्रीनलैंड पर कब्जा करने से जुड़ी टिप्पणी के बाद डेनमार्क और यूरोपीय अधिकारियों ने कहा है कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है और इसकी क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा की जानी चाहिए। ग्रीनलैंड के नागरिक ट्रंप की टिप्पणी से खुश नहीं हैं, उनका कहना है कि जो ट्रंप ने कहा है वह स्वीकार्य नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप, पिछले कुछ हफ्तों के दौरान कनाडा, मेक्सिको और ग्रीनलैंड को अपने देश में मिलाने की बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना देना चाहिए, उन्होंने पनामा नहर को 'अमेरिका की नहर' कहा और मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' करने का सुझाव दिया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा और दुनिया में कहीं भी जाने की आजादी के लिहाज से अमेरिका ये मानता है कि ग्रीनलैंड पर हमारा नियंत्रण बेहद जरूरी है। ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र राष्ट्र नहीं है बल्कि वो डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। ग्रीनलैंड अपनी रणनीतिक स्थिति की वजह से ही अमेरिका की नजर में रहा है। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान इसे नाज़ियों को रोकने के रास्ते के तौर पर देखा गया। शीत युद्ध के दौरान इसे ऐसी जगह के तौर पर देखा गया जहां से यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बीच समुद्री रास्तों पर नियंत्रण हो सकता था, क्योंकि ये भौगोलिक रूप से आर्कटिक के नजदीक है। अमेरिकी सेना दशकों से अटलांटिक और आर्कटिक महासागरों के बीच पिटफिक स्पेस बेस का संचालन करती रही है। ग्रीनलैंड के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से 2023 के मध्य में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है, यहां का चार लाख वर्ग किलोमीटर का जो इलाका बर्फ से ढका नहीं है, उसमें 38 खनिजों के हल्के या भारी भंडार हैं। ये सभी आवश्यक मैटेरियल की यूरोपीय लिस्ट में शामिल हैं। यहां कॉपर , ग्रेफाइट, नियोबियम, टाइटेनियम और रोडियम के बड़े भंडार तो हैं ही साथ ही दुर्लभ भू-खनिज का भी अच्छा-खासा डिपॉजिट है। पूरी दुनिया के दुर्लभ भू-तत्वों का 25 फीसदी तक ग्रीनलैंड में हो सकता है।

### चार मोती

सुनील उत्सव

'झूठ' 'सियासत' 'विश्वास' 'बकवास'

हमेशा झूठ बोला है, हमेशा झूट बोलेंगे,
हमारी ये सियासत है इसी विश्वास पर जिन्दा।
अगर सत्ता में आए तो सभी को नौकरी देंगे,
हमारी ये सियासत है इसी बकवास पर जिन्दा।

II शोक संदेश – रस्म तेरहवीं II



मान्यवर,

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी **श्रीमति शकुन्तला मलिक** (पत्नी स्व0 श्री टेक चन्द मलिक) अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके 11 जनवरी 2025, दिन-शनिवार को प्रभु के श्री चरणों में विलीन हो गयी। जिनकी रस्म तेरहवीं दिनांक 21 जनवरी 2025, दिन मंगलवार को होनी निश्चित हुई है।

दिनांक 21 जनवरी 2025, दिन मंगलवार

| | |
|---|---|
| ब्रह्मभोज | दोपहर 12:00 बजे |
| रस्म तेरहवीं | दोपहर 02:00 बजे |

:: स्थान :: पंजाबी बारात घर,
पचेण्डा रोड, गांधी कालोनी, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

-: शोकाकुल परिवार:-
श्री राजकुमार- श्रीमति संध्या मलिक (पुत्र-पुत्रवधू)
श्री दिनेश-श्रीमति निशा मलिक (पुत्र-पुत्रवधू)
श्री अंकित-श्रीमति प्रिया मलिक (पौत्र-पौत्रवधू)
श्रीमति उर्मिला मोहन (पुत्री)
श्रीमति चंचल-श्री राजीव जुनेजा (पुत्री-दामाद)
वरुण मलिक, वंश मलिक (पौत्र)
अथर्व मलिक, प्रिशिव मलिक (पड़पौत्र)
व समस्त मलिक परिवार

प्रतिष्ठानः- मलिक एग्रो सैन्टर, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्र- 9412553515, 9873211213 9311874045

## परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**बुढ़ाना, 19 जनवरी (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र में एक अपहरण की आशंका के चलते परिजनों द्वारा तहरीर दी गयी है। उधर गांव में चर्चा है कि उक्त युवक रविवार की दोपहर जंगलों में लावारिस हालत में घूमता हुआ किसी को दिखा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी निवासी कलवा पुत्र नियाज मौहम्मद ने बुढ़ाना पुलिस को बीती शनिवार को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका 35 साल का लड़का जावेद बीते शुक्रवार की शाम गांव खानपुर के जंगल में पोपुलर के पेड़ देखने के लिए आमिल पुत्र यासीन निवासी ग्राम रसूलपुर दभेड़ी के साथ गया हुआ था। आमिल तो अपने घर वापस आ गया था, लेकिन उसका लड़का जावेद आज तक अपने घर वापस नहीं पहुंचा है, जिसके बारे में हमने सभी यार दोस्तों से और रिश्तेदारों से भी जानकारी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने के कारण लड़के के अपहरण की आशंका है। पीड़ित ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए अपने लड़के की बरामदगी की मांग बुढ़ाना पुलिस से की है। उधर दूसरी ओर चर्चा है कि उक्त गायब युवक आज रविवार को शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कपूरगढ़ में जंगलों में अकेला लावारिस घूमता हुआ मिला है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने डॉ. अनिल जैन

### - अरुण कुमार महामंत्री व संजय मोघा बने कोषाध्यक्ष





**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई का रविवार को सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस बीच डॉ. अमित कुमार जैन को शिक्षकों की ओर से एक बार फिर निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा महामंत्री पद पर अरुण कुमार व कोषाध्यक्ष पद का जिम्मा संजय कुमार मोघा को सौंपा गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर इकाई के लिए चुनाव प्रक्रिया रविवार को डीएवी इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी मंडलीय महामंत्री रवि कुमार गुप्ता व जग औतार शर्मा की मौजूदगी में संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया में उपस्थित शिक्षकों की ओर से चुनाव अधिकारी ने जिला अध्यक्ष पद के लिए डॉ. अमित कुमार जैन, महामंत्री पद के लिए अरुण कुमार एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार मोघा के निर्विरोध निर्वाचित होने की बाद में घोषणा की। दूसरी बार फिर जिलाध्यक्ष चुने गए डॉ. अमित कुमार जैन ने सभी शिक्षकों का आभार जताते हुए शिक्षक हितों के लिए संघर्ष की प्रतिबद्धता दोहरायी। इस दौरान प्रधानाचार्य परिषद अध्यक्षा सारिका जैन ने प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के अधिकारों की आवाज मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया। इस चुनावी प्रक्रिया में प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य सुनील शर्मा, नीरज जैन, संजीव त्यागी, राजकुमार जैन, अजय जैन, रंजन सिंह पुंडीर, सुरेन्द्र सिंह, धर्मपाल, सुभाष, विजय कुमार शर्मा, राहुल कुमार, अनिल हडसन, विनय त्यागी, वीरेन्द्र पटेल, पूर्व जिला मंत्री हेमंत विश्नोई, रेणू मित्तल, हाकम सिंह, सुनील कुमार गोयल, नमन जैन, नरेन्द्र तोमर समेत अनेक शिक्षक एवं शहर काजी तनवीर आलम मौजूद रहे।

# एसडीएम ने खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े

### - एसडीएम की लगातार कार्यवाही के बाद भी मीरापुर क्षेत्र में खनन जारी

**मीरापुर, 19 जनवरी (बु.)।** एसडीएम जानसठ ने सम्भलेहड़ा पुलिस चौकी के समीप रात्रि में चल रहे अवैध खनन पर छापा मारा तथा मौके से खनन कार्य में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ लिए। एसडीएम की लगातार कार्यवाही के बाद भी मीरापुर क्षेत्र में अवैध खनन जारी है। मीरापुर क्षेत्र में पिछले काफी समय से खनन माफिया सक्रिय है। खनन की लगातार मिल रही शिकायत पर शनिवार की देर रात्रि एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने पुलिस को साथ लेकर क्षेत्र की सम्भलेहड़ा पुलिस चौकी के समीप चल रहे अवैध खनन पर छापा मारा, तो खनन करने वालों में हडकंप मच गया। छापे के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। एसडीएम ने मौके से मिली मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया तथा उन्हे पुलिस को सौप कर सीज करा दिया।



### सम्भलेहड़ा चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध

**मीरापुर, 19 जनवरी (बु.)।** जिला प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी मीरापुर क्षेत्र की सम्भलेहड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में लगातार खनन चल रहा है। हैरत कि बात ये है कि अवैध खनन कार्य में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी मशीन बैखौफ सम्भलेहड़ा पुलिस चौकी के सामने से दिन-रात निकलते हैं, किन्तु पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती। चर्चा है कि सम्भलेहड़ा पुलिस चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से इस क्षेत्र में अवैध खनन चल रहा है। करीब दो सप्ताह पूर्व भी एसडीएम सुबोध कुमार ने सम्भलेहड़ा चौकी क्षेत्र में ही अवैध खनन पर कार्यवाही करते हुए एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी थी, किन्तु इसके बावजूद भी इस क्षेत्र में खनन नही रुक रहा। कुछ भी हो यहाँ चल रहा अवैध खनन कार्य चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को संदेह के घेरे में खड़ा करता है।

## राजशाही शादी-हाथी पर सवार होकर आया दूल्हा, ऊंट और घोड़ों पर बाराती



**एटा, 19 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में अनोखी शादी चर्चा में रही। दूल्हा हाथी पर सवार होकर विवाह स्थल पहुंचा। इसके साथ ही दर्जनभर से अधिक बैंड और बरात में ऊंट-घोड़े भी शामिल रहे। इस शादी को देखने के लिए पूरा कस्बा उमड़ पड़ा। अलीगढ़ के नगला देवी गांव से रेशमपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव की शादी गांव आसेपुर के रहने वाले अनिल यादव की पुत्री शिखा के साथ तय हुई थी। शनिवार को आदित्य यादव मिरहची में बरात लेकर पहुंचे। यहां बरातियों का भव्य तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद जब बरात निकलने की बारी आई, तो सजे-धजे हाथी के साथ आधा दर्जन घोड़े और ऊंट यहां बुलाए गए। इसके बाद यहां से जब बरात निकली, तो देखने वाले हैरान रह गए। एटा-कासगंज जिले के दर्जनभर मशहूर बैंड शोभा बढ़ाते नजर आए, तो वहीं हाथी पर सवार दूल्हा के ठाठ-बाठ देखते ही बन रहे थे। ऊंट और घोड़ों पर बराती भी सीना तानकर कस्बे की सड़क से गुजरे तो देखने वालों की आंखें फटी की फटी रह गईं। दर्जनभर देव स्वरूपों से सजी झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। बरात में इस कदर भीड़ रही कि सड़क से गुजरने में करीब एक घंटा लग गया। इतना ही नहीं इस शादी समारोह को लेकर पूरे कस्बे में पहले से ही बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगवाए गए थे। ये होर्डिंग्स निमंत्रण पत्र के रूप में रहे, जिसमें वर-वधु को आशीर्वाद देने का आग्रह यादव परिवार की ओर से किया गया।

# एम.के. भाटिया का जन्मदिन मनाया गया पूरे उत्साह और उल्लास के साथ







**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** जाने-माने समाजसेवी और उद्यमी एम.के. भाटिया का जन्मदिन उनके सहकर्मियों और टीम मेंबर्स द्वारा पूरे जोश और धूमधाम के साथ मनाया गया। एम.के. भाटिया के सहकर्मी उनके काम और मौज-मस्ती के प्रेरणादायक अंदाज से खासे प्रभावित रहते हैं। उनके मुताबिक, काम के समय पूरा ध्यान काम पर और फुर्सत में पूरा ध्यान आनंद पर होता है। इसी भावना के साथ एम.के. भाटिया का जन्मदिन बेहद खास अंदाज में मनाया गया। टीम के सदस्यों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए तरह-तरह के उपहार देने के अलावा और भी विचारशील तरीके अपनाए। इस अवसर पर एम.के. भाटिया ने अपनी प्रेरक स्पीच से एक बार फिर सहकर्मियों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। गौरतलब है कि 2025 में एम.के. भाटिया की कंपनी अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रही है, और इस खास मौके की तैयारियां भी जोरों पर हैं। जन्मदिन समारोह को और यादगार बनाने के लिए टीम मेंबर्स ने अनूठे आइडियाज का इस्तेमाल किया। उन्होंने एम.के. भाटिया के कट-आउट्स, पूरा-पूरा टैडी और कई कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स भेंट किए, जिससे यह दिन पूरे समूह के लिए आनंदमयी और विशेष बन गया। एम.के. भाटिया के प्रेरणादायक नेतृत्व और सकारात्मक ऊर्जा ने इस आयोजन को सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि पूरे ऑफिस के लिए प्रेरणा का दिन बना दिया।

STAFF REQUIREMENT
1. 2 Female Staff For Gynec Hospital
2. Optometrist For Eye Hospital
3. Computer Operator for Data Entry
PARAS NURSING HOME
PARAS NETRALAYA
Contact: 8433289767 9634049928

## रोजगार मेले में 10 कंपनियों में 81 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**चरथावल, 19 जनवरी (बु.)।** चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में जिला सेवा योजन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार में मेला आयोजित किया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सोनाली सिंह जिला सेवा योजना अधिकारी, प्रबंधक राकेश वशिष्ठ एवं प्रोफेसर डॉ. सविता वशिष्ठ ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन रोजगार के अंतर्गत ग्रामीण अंचल में रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में 10 कंपनियों ने छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार लिए। 128 छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार दिया। कंपनियों के एचआर प्रबंधकों ने 81 छात्र-छात्राओं का चयन किया। मुख्य अतिथि डॉ. सोनाली सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारित कर कॅरिअर की उड़ान भरें। कोई कार्य छोटा-बड़ा नहीं होता। एक छोटी सी शुरूआत से इंसान शीर्ष मुकाम पर पहुंच सकता है। उन्होंने छात्रों को व्यक्तित्व निर्माण के लिए अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। कॉलेज सचिव राकेश वशिष्ठ ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से निश्चित रूप से युवाओं को रोजगार मिलेगा और आत्मनिर्भर बनने का सपना साकार होगा। अनुज गौड़, अंशुल अग्रवाल, ऋषिपाल सिंह, सुमित नागियान, सुनील पुंडीर, मधु, तरबिया आदि सहयोग रहा। संचालन अनुज गौड़ एवं अंशुल अग्रवाल ने किया। प्राचार्य डॉ. गुलाब सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## मीरापुर की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निराकरण : चन्दन चौहान



**मीरापुर, 19 जनवरी (बु.)।** कस्बे के बालाजी मंदिर प्रांगण में रविवार को आयोजित "ओजस्वी मीरापुर " कार्यक्रम में बिजनौर सांसद चंदन चौहान और मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने संयुक्त रूप से मीरापुर का विकास करने का भरोसा दिलाया। सांसद चन्दन चौहान ने कहा कि मीरापुर की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आयोजक दीपक कृष्णात्रेय ने सांसद चन्दन चौहान व विधायक मिथलेश पाल को बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद चन्दन चौहान व विधायक मिथलेश पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिजनौर सांसद चन्दन चौहान ने कहा क्षेत्र की विश्व स्तरीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों सहित क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नही छोड़ेंगे। मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने कहा कि मीरापुर क्षेत्र की जो भी समस्या है, उनका सम्पूर्ण समाधान कराने का भरसक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र की विश्वस्तरीय शक्तियों, शिक्षा, विकास व रोजगार को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता रोहित बंसल ने की तथा संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से आयोजक दीपक कृष्णात्रेय, सत्यप्रकाश रेशू, रालोद जिला उपाध्यक्ष स. मेजर सिंह, व्यापारी नेता ब्रजभूषण अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, राजेन्द्र रस्तौगी, राजपाल सुकरालिया भगत जी, डॉ. मनोज कुमार, अंकुर पहलवान,भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, इंदर सिंह कश्यप, डॉ. प्रवीण शर्मा, राजेश शर्मा, दीपक धीमान, अधिवक्ता सुधीर शर्मा, विकास कौशिक, जोनी दीवान, नितिन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।
साक्षात्कार का समय:-
प्रात:10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

# चोर ने मस्जिद का गल्ला फाड़कर चुराई नगदी

**बुढ़ाना, 19 जनवरी (बु.)।** अज्ञात चोरों ने एक मस्जिद के अंदर घुसकर उसमें रखे गल्ले को फाड़कर नगदी चुराकर सनसनी फैला दी। इससे पहले भी अज्ञात चोर ने एक अन्य मस्जिद में भी इसी तरह का अपना कारनामा अंजाम दिया था। घटना को लेकर नमाजियों में भारी रोष है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित सड़क वाली मस्जिद में किसी अज्ञात चोर ने घुसकर मौका पाकर वहां गल्ले में रखी नगदी साफ कर नमाजियों में सनसनी फैला दी। इससे पहले भी यहीं से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित एक अन्य मस्जिद नमरा का भी गल्ला फाड़कर लाखों रुपए की नगदी अज्ञात चोर द्वारा चोरी की गयी थी। एक अन्य मस्जिद का स्टेबलाइजर चोरी किया गया था। इन दोनों घटनाओं में अगर देखा जाए, तो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक ही चोर घटना को अंजाम देता हुआ नजर आया था, जो कि बिना नंबर की ब्लैक कलर की स्प्लेंडर बाइक के माध्यम से चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। अब जो चोरी सड़क वाली मस्जिद के अंदर हुई है, उसमें भी इसी बाइक सवार चोर का हाथ हो सकता है, यही अंदेशा नमाजियों को भी हो रहा है। घटना की सूचना जैसे ही बुढ़ाना पुलिस को मिली, तो पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और नमाजियों से बातचीत की। बुढ़ाना पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इससे पहले मस्जिद में हुई चोरी की दो घटनाओं का खुलासा पुलिस अभी तक भी नहीं कर पाई है।

### सभासद इमरान कुरैशी ने दी तहरीर

**बुढ़ाना, 19 जनवरी (बु.)।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने बुढ़ाना पुलिस को बीती शनिवार की देर रात बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर मस्जिद में हुई चोरी की घटना की एक तहरीर देते हुए चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है। सभासद इमरान कुरैशी के अनुसार चोरी हुई रकम लगभग 50 हजार रुपये के आसपास की है। बाकी मस्जिद के जिम्मेदार लोगों से बात करके पता किया जाएगा कि कितनी रकम थी। इससे पूर्व भी उनके मौहल्ले में स्थित नमरा मस्जिद में चोरी की घटना हुई थी। उसका भी खुलासा पुलिस ने नहीं किया है। इस संबंध में जल्द ही एसएसपी से मिला जाएगा।

# शाहपुर में शिवमूर्ति का 22वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया





**शाहपुर, 19 जनवरी (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला मंगलापुरी मंडी स्थित शिव मंदिर (शिव मूर्ति) का 22वां वार्षिकोत्सव आज विशाल भंडारे एवं यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। कस्बे में पाश कॉलोनी मंगलापुरी मंडी में स्थित शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव प्रत्येक वर्ष 19 जनवरी को मंदिर के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन वर्ष 2003 में शिव मूर्ति की स्थापना हुई थी। शिव मूर्ति संचालक मंडल द्वारा प्रातः यज्ञ व उस के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे में हजारों लोग भगवान भोले शंकर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। आज मंदिर परिसर के पास स्थित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, दो दशकों से लगातार यह भंडारा चलता आ रहा है। इस मंदिर की विशेषता है कि यदि कोई भी परेशान व्यक्ति 41 दिन तक यहां पर देसी घी का दीपक निर्बाध रूप से जलाता है, तो उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। मंदिर में फाल्गुन मास की शिवरात्रि तथा श्रावण मास की शिवरात्रि पर विशेष आयोजन होते हैं। आज भंडारे में शिव मूर्ति संचालक मंडल से जुड़े राजेश सिंघल पूर्व चेयरमैन, श्याम पाल भाई जी, अरूण मित्तल, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, चौधरी चंद्रवीर सिंह, मुकेश शर्मा, सुनील सिंघल, सुनील गोयल, सोनू नामदेव, अतुल सिंघल, रेणु सिंघल, देवराज चौधरी, रविंद्र सिंघल, अंशुल सिंघल, सौरभ सिंघल, मनीष सिंघल, डॉ. अनुज अग्रवाल, सचिन संगल, हरिओम पुंडीर, लवीश सिंघल, मदन जैन आदि का विशेष योगदान रहा। इस बार विशेष बात यह रही कि विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों एवं बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई दोपहर बाद तक भंडारा जारी रहा।

## टाप टेन हिस्ट्रीशीटर वारंटी पुलिस ने किया अरेस्ट



**बुढ़ाना, 19 जनवरी (बु.)।** पुलिस ने एक टाप टेन हिस्ट्रीशीटर वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप कुमार ने सब इंस्पेक्टर गोविन्द चौधरी, हैड कांस्टेबल मनोज कसाना, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल नकुल सांगवान और कांस्टेबल मोहित कुमार के सहयोग से एक खास मुखबिर की सटीक सूचना पर गश्त करने के दौरान गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के समीप एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम सलीम पुत्र अहसान निवासी ग्राम मंदवाड़ा बताया। बुढ़ाना पुलिस के अनुसार सलीम टाप टेन वारंटी हिस्ट्रीशीटर है। बदमाश पर 32 मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। इसके अलावा पुलिस ने एक मामले के वारंटी फरमान पुत्र कासिम निवासी मोमीननगर गली नंबर छह नाले की पट्टी जनपद शामली को उसके मकान से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उक्त वारंटी फरमान को जेल भेजने वाले दारोगा अभिषेक सिंह और उनकी टीम है।

### इन 2 शहरों के बीच दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**हरियाणा, 19 जनवरी (एजेंसी)।** हरियाणावासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा में चलेगी। इससे कई जिलों के गांवों को बड़ा फायदा होगा और सफर आसान हो जाएगा। दरअसल देशभर में अब फास्ट ट्रेनों का दौर शुरू हो गया है। ये ट्रेनें आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसी बीच हाईड्रोजन ट्रेन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सबके मन में यह सवाल उठता है कि आखिर ये हाईड्रोजन ट्रेन कब और कहां से चलेगी, तो आज हम आपको इस ट्रेन से जुड़ी पूरी जानकारी यहां दे रहे है। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा के जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। इस हाइड्रोजन ट्रेन की दूरी कुल 90 किमी बताई जा रही है। खास बात ये है कि यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। पर्यावरण हितैशी होने के साथ-साथ ये ट्रेन समय की भी बचत करेगी। अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें तैयार की गई है। उन ट्रेनों की क्षमता 600 से 700 हॉर्सपावर रखी गई है, लेकिन भारत में तैयार हाईड्रोजन ट्रेन की क्षमता इससे दोगुनी यानी 1200 हॉर्सपावर बताई जा रही है।

# जम्मू कश्मीर के बुढ़ाल गांव में 16 रहस्यमय मौतें, खौफनाक सच की तलाश में केंद्रीय जांच टीम

**जम्मू-कश्मीर, 19 जनवरी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बुढ़ाल गांव में पिछले महीने के दौरान 16 लोगों की रहस्यमय मौतों की जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम का उद्देश्य इन मौतों के कारणों की गहराई से जांच करना है। गांव में पिछले 45 दिनों में 16 लोग एक अज्ञात बीमारी के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। इन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने से पहले बुखार, दर्द, उल्टी और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दिए थे। अस्पताल में भर्ती होने के कुछ ही दिनों बाद उनकी मौत हो गई। इस बीच, एक लड़की की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने इन मौतों के पीछे किसी संक्रामक बीमारी के होने की संभावना से इन्कार किया है। हालांकि, एक डॉक्टर ने बताया कि मरीजों के एमआरआई स्कैन में मस्तिष्क में सूजन (ऑडिमा) पाई गई है, जो मस्तिष्क में तरल पदार्थ जमा होने की स्थिति है और इसे न्यूरोटॉक्सिन के प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले, पुलिस की एक विशेष जांच टीम ने मृतकों के शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद 60 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। रिपोर्ट में न्यूरोटॉक्सिन की उपस्थिति का पता चला था। शुक्रवार को, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक उच्च स्तरीय बैठक में इस स्थिति पर चर्चा की और संबंधित विभागों को जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। राजौरी जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में भय का माहौल है और लोग इस रहस्य के हल होने का इंतजार कर रहे हैं।

## सोरम में विधि-विधान से हुई हनुमानजी की प्रतिमा की स्थापना

**शाहपुर, 19 जनवरी (बु.)।** गांव सोरम में टारगेट ओलंपिक कुश्ती एकेडमी में विधि विधान से हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान हवन व भंडारा भी आयोजित किया गया। क्षेत्र के गांव सोरम स्थित टारगेट ओलंपिक कुश्ती एकेडमी सोरम गोयला में भगवान श्री हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा वृंदावन से पधारे विद्वान पंडित श्रीकांत शास्त्री ने संपन्न कराई। इस दौरान विशाल हवन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य यजमान एकेडमी के संचालक निर्दोष बालियान व ब्रह्मा प्रवीण बालियान रहे। हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर के समय विशाल दंगल आयोजित किया गया। दंगल में एकेडमी के अलावा आसपास के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, सदर ब्लाक प्रमुख अमित कुमार, तीरंदाजी संघ के जिलाध्यक्ष विपिन बालियान, कपिल चौधरी, सुनील कुमार, गजेंद्र सिंह कोच, धर्मपाल सिंह प्रधान, संदीप बालियान, बिजेंद्र सिंह प्रमुख, रामशरण सिंह प्रधान, गुलाब, प्रवीण व अशोक आदि सहित एकेडमी के समस्त पहलवान मौजूद रहे।

### रेस्टोरेंट में सात दिन पूर्व हुई चोरी का केस दर्ज

**छपार, 19 जनवरी (बु.)।** रेस्टोरेंट में सात दिन पूर्व हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तहरीर मिलने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मनोज कुमार पुत्र सुन्दर पाल निवासी गांव नसीरपुर थाना नई मंडी का छपार टोल प्लॉजा के पास हाईवे पर रेस्टोरेंट है। मनोज कुमार ने पुलिस को दिए गए शिकायती-पत्र में बताया कि 11 जनवरी में वह अपने घर चला गया था। फिर वह दो दिन बाद 13 जनवरी में रेस्टोरेंट पर गया, तो देखा कि अज्ञात चोरों ने रेस्टोरेंट में हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया गया। जानकारी के बावजूद सुराग न लगने पर पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## महाकुंभ में योगी सरकार की होगी कैबिनेट बैठक

**लखनऊ, 19 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुंभ में कैबिनेट बैठक करेगी। इसकी तारीख भी तय हो गई है। योगी सरकार 22 जनवरी को यहां कैबिनेट की बैठक करेगी। बैठक के लिए राज्य सरकार के सभी मंत्रियों को प्रयागराज बुलाया गया है। इस बैठक में कुछ अहम योजनाओं को हरी झंडी के साथ ही फैसले भी लिए जाएंगे। महाकुंभ में होने वाली योग सरकार की बैठक में प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश को कई खास सौगात वाली योजनाओं को मंजूरी दी जाएगी। इस बैठक में योगी सरकार के सभी मंत्री शामिल होंगे। इस कैबिनेट के लिए स्पेशल तारीख को चुना गया है। गौरतलब है कि पिछले साल 22 जनवरी को ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ था। ऐसा माना जा रहा है कि इसमें बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विस्तार करते हुए चित्रकूट से लेकर बारा तक नए लिंक एक्सप्रेसवे का ऐलान हो सकता है। इससे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे प्रयागराज तक नए एक्सप्रेसवे के जरिए जुड़ जाएगा। सूत्र बताते हैं कि बिजली के प्राइवेटाइजेशन के प्रस्ताव को भी इस कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी जाएगी। नए सीजन के लिए गन्ने का परामर्शी मूल्य का प्रस्ताव भी तय होगा। माना जा रहा है कि यह पिछले साल जितना ही रहेगा। बताया जा रहा है कि पहले सारे मंत्री कुम्भ में स्नान करेंगे। इसके बाद कउउउउ सभागार में मंत्रिमंडल की बैठक होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 में प्रयागराज कुम्भ के दौरान भी अपने सारे मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। इसमें मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे के बनाने की योजना को मंजूरी दी थी। पिछले साल अयोध्या में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल की बैठक की थी।

## अमेठी में भीषण सड़क हादसा : खड़े ट्रेलर से टकराई 3 डीसीएम और कार, एक चालक की मौत

**अमेठी, 19 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कमरौली इलाके में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। एक बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी ट्रेलर से एक के बाद एक तीन डीसीएम और एक कार टकरा गई। हादसे में एक डीसीएम चालक की मौत हो गई, जबकि तीन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने क्रेन की मदद से सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे हटाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवा दिया है। जानकारी के अनुसार कमरौली थाना क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बीएचईएल फैक्ट्री के पास का है। जहां आज सुबह करीब 4 बजे बंद रेलवे क्रॉसिंग पर एक ट्रेलर खड़ा हुआ था। तभी पीछे से एक के बाद एक तीन डीसीएम ट्रेलर में पीछे से टकराते चली गई। पुलिस ने बताया कि डीसीएम चालक रोहित पांडेय, जितेंद्र सिंह, रोहित यादव और अर्टिगा कार गुलजार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जगदीशपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां, एक डीसीएम चालक रोहित पांडेय की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल तीन चालकों का इलाज चल रहा है। सभी क्षतिग्रस्त गाड़ियों को क्रेन की मदद से हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू किया गया।

## शादी से सात दिन पहले दूल्हे की मौत, दर्दनाक हादसे से परिजनों में मची चीत्कार

**मैनपुरी, 19 जनवरी (एजेंसी)।** मैनपुरी के शहर कोतवाली के गांव गढिया के पास शनिवार शाम एक युवक को रोडवेज बस ने रौंद दिया। युवक कस्बा बेवर में शादी का कार्ड बांटने के बाद चाचा के साथ घर लौट रहा था। युवक की बाइक फिसल गई थी। तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस युवक पर चढ़ गई। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चाचा को जिला अस्पताल में उपचाराधीन है। थाना दन्नाहार क्षेत्र के गांव नगला मुगरिया निवासी चिंटू कुमार (28) की शादी तय हो गई थी। 26 जनवरी को उसकी बरात जानी थी। शनिवार को वह अपने चाचा विनोद कुमार के साथ शादी के कार्ड बांटने के लिए निकला था। देर शाम को वह जब बेवर क्षेत्र में कार्ड देकर वापस घर लौट रहा था। तभी मैनपुरी भोगांव मार्ग पर गांव गढ़िया के पास अचानक सामने कोई जानवर आ गया। बाइक अनियंत्रित होकर मार्ग पर फिसल गई। हादसे में चाचा भतीजे घायल हो गए। जब तक दोनों संभल पाते, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस चिंटू को रौंदते हुए निकल गई। जिसके चलते चिंटू ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चाचा भतीजे को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। वहां चिकित्सक ने चिंटू को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया।

## पैराग्लाइडिंग के दौरान बड़ा हादसा, महिला और ट्रेनर गहरी खाई में गिरे, मौत

**पणजी, 19 जनवरी (एजेंसी)।** गोवा में पैराग्लाइडिंग करते समय एक 27 वर्षीय महिला पर्यटक और उसके इंस्ट्रक्टर की खाई में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार शाम केरी गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि महिला पुणे की रहने वाली शिवानी दाबले और उनके प्रशिक्षक नेपाली नागरिक सुमल नेपाली (26) की शाम करीब 5 बजे केरी पठार पर दुर्घटना में मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दाबले अवैध रूप से संचालित एक एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी के साथ पैराग्लाइडिंग कर रही थीं। पुलिस ने बताया कि पैराग्लाइडर एक चट्टान से उड़ान भरने के तुरंत बाद खड्डे में गिर गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## आटो को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, एक की मौत, 6 घायल

**महाराजगंज, 19 जनवरी (एजेंसी)।** यूपी के महाराजगंज में एक ऑटो को एक रोडवेज बस ने टक्कर मारते हुए 100 मीटर तक घसीटा। हादसे में ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गयी,



जबकि बस में सवार 6 लोग भी घायल हो गये। दुर्घटना के बाद चालक बस से कूदकर फरार हो गया। उक्त हादसा श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में हुआ है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी और सड़क पर आते जाते लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागते दिखाई दिये।

# 131 लीटर गंगा जल लेकर भोला पहुंचा शिवचौक, बाबा को किया नमन

**▸ दो किमी यात्रा के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति के साथ बढ़ रहा भोला ▸ करीब 60 दिन की यात्रा में यात्रा पूर्ण करने का बनाया लक्ष्य**





**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं के थपेड़ों के बीच बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच रविवार को देवभूमि हरिद्वार धाम से मां गंगा का पवित्र गंगा जल कांधे पर रखकर एक शिव भक्त नगर के हृदय स्थल शिव चौक पर पहुंचा। अपने साथियों के साथ यहां पहुंचा भगवान शिव का अनन्य भक्त अमित उर्फ मित्तु गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को करीब 60 दिनों की धर्म यात्रा को पूर्ण करते शिवरात्रि पर अपने गांव के शिवालय में मां गंगा के जल को अर्पित करेगा। अमित भोला प्रतिदिन 2 किलोमीटर की यात्रा के बूते 60 दिन में अपने गंतव्य तक पहुंचेगा।

आस्था एवं भक्ति की वैतरणी में बोल-बम, बम-बम के नाम का जाप करते हुए मोदीनगर के गांव खंजरपुर निवासी अमित उर्फ मित्तु अपने साथियों के साथ बीते 29 दिसम्बर को देवभूमि हरिद्वार से 131 लीटर मां गंगा का पवित्र गंगाजल लेकर निकला था। भोले अमित और उसके साथियों की मंशा इस गंगा जल से मोदीनगर क्षेत्र के गांव खंजरपुर के शिवालय में अर्पित करने की है। रविवार को शिवभक्तों की टोली अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते हुए नगर के हृदय स्थल शिव चौक पहुंची, जहां इस टोली ने बाबा आशुतोष की परिक्रमा करते हुए कुछ देर बाबा के चरणों में विश्राम किया। 131 लीटर गंगा जल के साथ यहां पहुंचे अमित उर्फ मित्तु और उसके युवा साथियों ने दावा किया कि यात्रा के दौरान उन्हें रूक जाने पर तो कुछ सर्दी का अहसास होता है, लेकिन जब वें गंतव्य की ओर बढ़ते हैं, तो किसी तरह की कोई शंका बाकी नहीं रहती। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को वे हर दिन 2 किमी यात्रा के माध्यम से गांव में मां भागीरथी के जल से शिवलिंग का अभिषेक करेंगे।

## पीनना में जन्मा 2 सिर और 6 पैर वाला बछड़ा



**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर के पीनना गांव में रविवार को एक अजीबो-गरीब गाय के बछड़े का जन्म हुआ। गाय के इस बछड़े के 6 पैर और 2 मुंह थे। उक्त बछड़े ने पीनना के ही ठाकुर उर्फ पप्पू नाई के निवास पर जन्म लिया। इस विचित्र बछड़े को देखने के लिए क्षेत्र के लोगों की भीड़ पप्पू के यहां जमा हो गयी। पप्पू ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त विचित्र बछड़े की जन्म के कुछ समय बाद ही मौत हो गयी। पप्पू का कहना था कि जब गाय ने इस बछड़े को जन्म दिया तो उसे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पहले तो वह इस बात को नहीं समझ पाया कि गाय बछड़े के जन्म के समय इतना परेशान क्यों हो रही है। मगर जब बछड़े के दो मुंह बाहर आए तो पप्पू को समझ आया कि गायब इसी कारण परेशान थी। बाद में गाय का बछड़ा पूरी तरह जन्मा तो उसके 6 पैर भी साफ तौर पर दिखे, तब जाकर गाय की पूरी परेशानी का कारण गाय के मालिक को समझ आ सका। बछड़े की मौत के बाद भी उसे देखने के लिए भीड़ का तांता पप्पू के घर लगा रहा।

## गाजियाबाद में घर में लगी आग, 3 मासूम व महिला सहित चार लोग जिंदा जले



**गाजियाबाद, 19 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश से गाजियाबाद शहर से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। यहां एक मकान में आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जिसमें एक महिला समेत तीन बच्चे शामिल हैं। लोनी थाना के कंचन पार्क इलाके में स्थित मकान में रविवार सुबह अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। हादसे के वक्त घर में आठ लोग मौजूद थे। 4 लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई, जबकि चार मृतक उठ भी न सके। हादसा कैसे हुआ फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर जा पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि घर में सो रहे लोग आग की चपेट में आ गए। 4 लोगों की मौत हुई है। जबकि 4 लोग आग में झुलसने की वजह से घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगना माना जा रहा है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। राहुल पाल सीएफओ (गाजियाबाद) ने बताया कि जब टीम को पता चला कि मकान में कुछ लोग फंसे हुए हैं। तुरंत ही बराबर के मकानों से उक्त मकान की दीवारें तोड़ी गईं। आग को शांत कर तुरंत अंदर घुस कर लोगों को बाहर निकाला। जिसमें 04 की मौत हो गई। 4 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी स्थिति सामान्य है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लिया। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें...

## रविवार का जानिए कैसा रहा ट्रेनों का हाल...




**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** रविवार को सहारनपुर से दिल्ली वाया मुजफ्फरनगर, मेरठ को जाने वाली ट्रेनों में इंदौर और नौचंदी एक्सप्रेस को छोड़कर बाकी सभी ट्रेनें पहले के मुकाबले अपने निर्धारित समय पर चली तो वहीं दिल्ली से सहारनपुर वाया मुजफ्फरनगर, मेरठ जाने वाली ट्रेनों में जालंधर इंटरसिटी, अंबाला इंटरसिटी, मेमू, इंदौर अमृतसर और गोल्डन टेम्पल मेल को छोड़कर अन्य सभी ट्रेनें निर्धारित समय पर चलती हुई दिखाई दी।

**---------------- प्रभावित ट्रेनों की सूची --------------**

| | |
|---|---|
| **दिल्ली से सहारनपुर जाने वाली ट्रेनें** | |
| 12017 देहरादून शताब्दी एक्सप्रेस | अपने निर्धारित समय पर |
| 19565 उत्तरांचल एक्सप्रेस | अपने निर्धारित समय पर |
| 14681 जालंधर इंटर सिटी एक्सप्रेस | 1 घंटा 16 मिनट की देरी से चल रही है |
| 12055 देहरादून जन शताब्दी | निर्धारित समय पर |
| 54473 सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर | निर्धारित समय पर |
| 19031 योगा एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 20411 सहारनपुर मेमू सुपर फास्ट एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 14521 अंबाला कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस | 2 घंटा 35 मिनट की देरी से चल रही है |
| 64559 दिल्ली हरिद्वार एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 19019 हरिद्वार एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 22659 योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस | 45 मिनट की देरी से चल रही है। |
| 19325 इंदौर अमृतसर एक्सप्रेस | 1 घंटा 58 मिनट की देरी से चल रही है। |
| 12903 गोल्डन टेंपल मेल एक्सप्रेस | 30 मिनट की देरी से चल रही है। |
| 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 12401 नंदा देवी एसी सुपर फास्ट एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 22457 वंदे भारत एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 14089 कोटद्वार एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| **सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रेनें** | |
| 12904 गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 54474 सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर | निर्धारित समय पर |
| 64560 सहारनपुर दिल्ली एक्सप्रेस | 42 मिनट की देरी से चल रही है |
| 19326 इंदौर सुपर फास्ट एक्सप्रेस | 3 घंटे 40 मिनट की देरी से चल रही है |
| 22458 वंदे भारत | निर्धारित समय पर |
| 14332 कालका दिल्ली एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 14242 नौचंदी एक्सप्रेस | 6 घंटे 15 मिनट की देरी से चल रही है |
| 20412 दिल्ली मेमू सुपर फास्ट एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| 12018 शताब्दी एक्सप्रेस | निर्धारित समय पर |
| **कैंसिल चल रही ट्रेनें** | |
| 14661 शालीमार एक्सप्रेस | 64557 मेमू सहारनपुर-दिल्ली |

## नाबालिग किशोर की बेरहमी से पिटाई, तमंचा लगाकर पिटाई का आरोप





**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव तावली में किशोर की पिटाई के फोटो और वीडियो रविवार को वायरल हुए, जिसमें शाहपुर थाने पर पहुंचकर तावली निवासी सुहैल पुत्र मौसम ने जानकारी देते हुए बताया कि वह आज सुबह 10 बजे अपने घर से घेर की ओर जा रहा था तो रास्ते में आरोपी आशू, इसरार, सुलेमान आदि ने उसे पकड़ लिया और अपने घर पर ले गए। अपने घर ले जाने के बाद आरोप है - सुहैल की पिटाई करने के साथ साथ उसकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया और उसकी ऐसी पिटाई की कि उसकी कमर पूरी तरह से लाल हो गयी। जब किशोर की अधिक पिटाई होने लगी तो वह चिल्ला उठा, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी यह देखकर वहां से भाग गया। पिटाई के बाद नाबालिग सुहैल शाहपुर थाने पहुंचा और उसने अपनी पूरी व्यथा सुनाई। पुलिस ने नाबालिग से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अर्जुन अवार्डी प्रीति पाल का गाँव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**▸ मीरापुर विधायक ने भी गाँव में पहुंचकर बधाई दी ▸ प्रीतिपाल की माँ ने कहा कि म्हारी छोरिया क्या छोरो से कम हैं**






**रामराज, 19 जनवरी (बु.)।** रामराज के गांव हाशमपुर निवासी पैरा एथलीट प्रीति पाल का अर्जुन अवार्ड लेकर गांव में पहुंचने पर परिजनों व ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ कई स्थानों पर फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाईया दी।

रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम हाशमपुर निवासी प्रीति पाल ने पेरिस में पैरालंपिक दौड़ में दो कांस्य पदक जीतकर देश का नाम विश्व में रोशन किया था, जिसके बाद खेल मंत्रालय द्वारा पैरा एथलीट प्रीति पाल को अर्जुन अवॉर्ड देने की घोषणा होते ही शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दिल्ली में अन्य खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रीति पाल को अर्जुन अवार्ड देकर सम्मानित किया, जिसके बाद से परिवार के साथ- साथ ही ग्रामीण भी प्रीति पाल का गांव में पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। रविवार को प्रीति पाल अर्जुन अवॉर्ड के साथ अपने गाँव पहुंचने से पूर्व फिरोजपुर स्थित महाभारत कालीन शिव मन्दिर में पहुंची और पूजा-अर्चना कर अपने गाँव हाशमपुर की ओर रवाना हुई। गाँव में पहुंचते ही परिजनों के साथ-साथ ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों व डीजे की धुन पर जश्न मनाते हुए प्रीति पाल को फूल-मालाएं पहनाकर उसका स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में खुशी को लहर दौड़ गई। परिजनों व ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रीति पाल के काफिले का गांव में कई स्थानों पर स्वागत हुआ तथा मीरापुर विधायक मिथलेश पाल भी प्रीति पाल के आवास पर पहुंची और प्रीति पाल को अर्जुन अवॉर्ड के लिए बधाई दी। वहीं प्रीति पाल के घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रीतिपाल ने कहा कि सभी को अपनी बेटियों के सपने को पूरा करने के लिए उसका साथ देना चाहिए तथा बेटे व बेटियां में फर्क नहीं करना चाहिए। वहीं प्रीतिपाल की माँ ने कहा कि प्रीतिपाल ने अपनी मेहनत व लग्न से हमें ही नहीं पूरे देश को गौरवान्वित किया है। म्हारी छोरिया क्या छोरो से कम हैं। बता दें कि रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी एक सामान्य परिवार में जन्मी प्रीति पाल ने पेरिस में हुए पैरालंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतकर देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में नाम रोशन करते हुए पैरालम्पिक गेम्स में इतिहास रच दिया था तथा इसी के साथ प्रीति पाल एक ही पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई हैं।

## पन्द्रह महीने बाद गाजा में रुका युद्ध, हमास ने सौंपी इजराइली बंधकों की सूची

**तेल अवीव, 19 जनवरी (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच समझौता होने के बाद गाजा में युद्ध विराम लागू हो गया है। फिलिस्तीनी समूह हमास की ओर से 33 इजराइली बंधकों की सूची सौंपने के बाद युद्ध विराम समझौते पर अमल शुरू हुआ। हालांकि, युद्ध विराम करीब तीन घंटे की देरी के बाद से लागू हुआ। इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला चरण 42 दिनों तक चलने की उम्मीद है।

इजराइल ने 33 बंधकों की सूची मिलने की पुष्टि की है, जिन्हें गाजा से रिहा किया जाता है। इजराइल ने कहा कि तीन बंधकों को रिहा किया जाएगा, जबकि सात दिनों में चार और बंधकों को रिहा किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को हमास तीन इजराइली नागरिकों- रोमी गोनेन (24), एमिली दमारी (28) और डोरोन श्टनबर खैर (31) को रिहा करेगा। इन तीनों महिलाओं को 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिण इजराल पर हमले के दौरान हमास ने बंधक बना लिया था। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि गाजा में बंद तीन बंधकों की रिहाई होगी। बयान में यह भी कहा गया कि चार अन्य महिला बंधकों को सात दिनों में रिहा कर दिया जाएगा। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, बंधकों की सूची मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां विवरण की जांच कर रही हैं। छह सप्ताह के शुरूआती युद्ध विराम चरण में मध्य गाजा से इजराइली सेना की क्रमिक वापसी और विस्थापित फिलिस्तीनियों की उत्तरी गाजा में वापसी शामिल है। इस समझौते के अनुसार युद्धविराम के हर दिन गाजा में मानवीय सहायता के 600 ट्रकों को जाने की अनुमति दी जाएगी, जिनमें से 50 ट्रक ईंधन से भरे होंगे, और 300 ट्रकों को उत्तर की ओर आवंटित किया जाएगा।

## महराजगंज में दर्दनाक सड़क हादसा, पेड़ से टकराई कार के परखच्चे उड़े, तीन युवकों की मौत

**लखनऊ , 19 जनवरी (एजेंसी)।** महराजगंज में दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा शनिवार की आधी रात हुआ जब एक अनियंत्रित कार पेड़ में टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक निचलौल से बजहा जा रहे थे कि यह हादसा हो गया। मृतकों में एक युवक बजहा उर्फ अहिरौली गांव के राजी टोला का निवासी था और दो युवक उसकी रिश्तेदारी के कुशीनगर जिले के निवासी थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को निचलौल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम बजहा उर्फ अहिरौली के राजी टोला निवासी राजेश अपने साथ शोभित निवासी कोटवा बाजार और लकडू निवासी ग्राम भुजौली थाना खड्डा जिला कुशीनगर के साथ एक कार से निचलौल से अपने गांव बजहा उर्फ अहिरौली जा रहा था।निचलौल से महज दो किमी आगे बहुआर मार्ग पर निचलौल रेंज के जंगल में वनसत्ती माता स्थान से पहले इनकी कार सड़क के किनारे पेड़ में टकरा गई। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। इसकी सूचना पर रड गौरव कन्नौजिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। एम्बुलेंस से तीनों को निचलौल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया।

## अपहरण के प्रयास का आरोप

**मीरापुर, 19 जनवरी (बु.)।** एक गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी बहन के साथ मेरठ के एक अस्पताल में नौकरी करती है। आरोप है कि तीन दिन पूर्व उसके गांव का ही मुस्लिम सम्प्रदाय का जुबैर पुत्र मुस्तकीम अपने पांच-छः साथियों के साथ वहां गया तथा जब वह अस्पताल से अपने कमरे पर जा रही थी, तो आरोपियों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया, तो दोनों बहनों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़िता का आरोप है कि इससे पूर्व भी गांव के ही दूसरे युवक ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया था तथा गांव के लोगों ने उक्त मामले का फैसला करा दिया था। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संभल हिंसा में दाऊद गैंग के गुर्गे समेत 10 और आरोपी गिरफ्तार

**संभल, 19 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा के मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। रविवार को पुलिस ने इस मामले में 10 और उपद्रवियों को और गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से लूटे गए 15 ब्लैंक कारतूस, एक पिस्टल समेत कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अब तक संभल हिंसा मामले में 70 दंगाइयों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज चुकी है। खास बात यह है कि संभल हिंसा में दो युवकों की हत्या करने वाले आरोपी मुल्ला अफरोज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दाऊद के गुर्गे शारिक साठा के इशारे पर मुल्ला अफरोज ने संभल हिंसा के दौरान पुलिस पर गोलियां चलाई थी। दरअसल संभल में बीते साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान जमकर बवाल हुआ था। इसमें पथराव, फायरिंग और आगजनी में पांच लोगों की मौत हुई थी, जबकि 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इस दंगे में कई गाड़ियों को आग के हवाले भी किया गया था। हालांकि पुलिस ने मामले में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल सहित 40 नामजद और 2,750 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इस मामले में 60 लोगों को पहले ही जेल भेज चुकी है। वहीं सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को हिंसा में शामिल 10 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल हिंसा में अब तक पुलिस 70 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एएसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल हिंसा के दौरान वबाल में अयान और बिलाल नाम के दो युवकों की मौत हुई थी। इन दोनों की मौत गोली लगने से हुई थी। अरढ ने बताया कि दंगे के दौरान मुल्ला अफरोज ने गोली चलाई थी, जिसमें अयान और बिलाल की मौत हो गई थी। इन दोनों का हत्यारा गिरफ्तार कर लिया गया है।



मुल्ला अफरोज पुलिस हिरासत में

## आर्य समाज रोड पर दो पक्षों में मारपीट



**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** आर्य समाज रोड के नवाब अजमत मार्किट में एक बैटरी की दुकान में दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद पुलिस पहुंची, तो दुकान मालिक मोहम्मद अकदस और जमर ने 2 लोगों के द्वारा मारपीट का आरोप लगाया और बताया कि मारपीट करने वाले युवकों द्वारा उन्हें बताया गया कि उनके द्वारा दुकान में कुछ महीने पहले एक बैटरी दी गई थी, जिसका कोई कार्ड या कोई कागज नहीं दिया गया और वह बैटरी वापस लेने आएं है। दुकानदार द्वारा जब बैटरी का कार्ड मांगा गया तो दुकानदार से मारपीट की और गले में रखी कुछ पैसे भी ले जाने का दुकानदार ने आरोपियों पर आरोप लगाया है। फिलहाल सिविल लाइंस आने में एक पक्ष मौजूद है और पुलिस को लिखित तैयारी देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रहा है।

## कार में जिंदा जलकर युवक की मौत, बांट रहा था शादी के कार्ड

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक युवक की शादी के कार्ड बांटते समय कार में आग लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है। 14 फरवरी को अनिल और उनके भाई की शादी होनी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक ग्रेटर नोएडा के नवादा का रहने वाला था। गाजीपुर इलाके में शनिवार रात को शादी के कार्ड बांटने आए एक युवक की कार के अंदर संदिग्ध हालत में जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है। 14 फरवरी को अनिल व इनके छोटे भाई सोविंद्र की शादी थी। गाजीपुर थाना ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। अनिल की कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अनिल कुमार गौतमबुद्ध नगर में रहते थे। परिवार में पिता प्रमोद, मां, बड़ा भाई सुमित व छोटा भाई सोविंद्र है। वह गौतमबुद्ध नगर में एक कंपनी में नौकरी करते थे। सोविंद्र ने बताया कि 14 फरवरी को उनकी व अनिल की गौतमबुद्ध नगर स्थित कांसना में शादी थी। एक ही घर से दोनों की शादी हो रही थी। उनके भाई अनिल शनिवार को ड्यूटी पर गए थे। पांच बजे ड्यूटी के बाद वह अपनी वैगनआर कार से दिल्ली कार्ड बांटने के लिए आए थे।

## केजरीवाल को मारने के लिए भाजपा ने भेजे थे कुख्यात अपराधी: आतिशी

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आम आदमी पार्टी (अअढ) चीफ अरविंद केजरीवाल पर कथित हमले के लिए रविवार को बीजेपी की आलोचना की। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को मारने के लिए अपराधियों को भेजा गया था। उन्होंने कहा कि केजरीवाले पर फेंका गया पत्थर किसी के लिए भी 'जानलेवा हो सकता था'। उन्होंने यह भी कहा कि कथित हमलावर बीजेपी के नई दिल्ली विधानसभा सीट सेउम्मीदवार प्रवेश वर्मा से जुड़ा हुआ है। साथ ही वह पूर्व सांसद के चुनाव अभियान में शामिल है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार के दौरान आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए गुंडों और दुर्दांत अपराधियों को भेजा था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने कहा कि कथित हमलावर बीजेपी के नई दिल्ली उम्मीदवार प्रवेश वर्मा से जुड़ा था और पूर्व सांसद के चुनाव प्रचार में शामिल था। उन्होंने प्रवेश वर्मा के साथ कथित हमलावर की तस्वीरें भी दिखाईं। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी की कार पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में हमला हुआ। बीजेपी के गुंडों ने हमला किया। उनकी कार पर इतना बड़ा पत्थर फेंका गया कि अगर वह किसी को लग जाता तो जानलेवा हो सकता था। हमला करने वाले ये लोग कौन थे? अगर आप हमले का वीडियो देखेंगे तो आपको शैंकी नाम का एक शख्स दिखेगा। सीएम ने कहा कि वह बीजेपी से जुड़ा हुआ है और अक्सर अपने इलाके में प्रवेश वर्मा के पोस्टर लगाता रहता है। यह राहुल उर्फ शैंकी कौन है? उसका आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ लूट की कोशिश के मामले दर्ज हैं। यह बहुत स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए दुर्दांत अपराधियों और गुंडों को भेजा गया था। दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होगा और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल, बीजेपी के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है।।



## रविवार की धूप ने लोगों को दी राहत, बाजारों में दिखी रौनक

**दिन के तापमान में 8 डिग्री की बढ़ोतरी, गलन अभी बरकरार**

**मुजफ्फरनगर, 19 जनवरी (बु.)।** पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के साथ बीते दिनों मैदानी इलाकों में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि का असर अभी दिल्ली-एनसीआर के साथ जनपद में भी कायम है। ऐसे में रविवार को दिन में एकाएक पारे में हुई 8 डिग्री सेल्सियस की यूं बढ़ोतरी मौसम के फिर से बदलने की संभावनाओं की ओर इशारा कर रही है। बदले हालातों के बीच मौसम विभाग ने फिर से वेस्ट यूपी में बारिश की संभावना व्यक्त की है। दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में अभी हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का प्रकोप जारी है। हालांकि जनपद में रविवार को राहत भरा दिन साबित हुआ, लेकिन सर्दी के प्रकोप के बीच शनिवार में जनपद समेत समूचे उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप दिखाई दिया। सर्द हवाओं के साथ ही समूचे दिल्ली-देहरादून हाईवे और संपर्क मार्गों तक हर ओर घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही। घने कोहरे का असर ट्रैफिक पर देखने को मिला और दुपहिया और चौपहिया वाहन सड़कों पर रेंगते हुए दिखे। रविवार को दिन में धूप जल्दी निकल जाने के साथ पूरे दिन राहत भरा साबित हुआ। मौसम विभाग की और से जारी आंकड़ों में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस के साथ गलन 97 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे लोगों को दिन में राहत व दिन छिपने के साथ फिर से सर्दी का अहसास होने लगा।



## यूपी में कोहरे का कहर : प्रदेश के 51 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, 17 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना

**लखनऊ, 19 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में सर्दी का सितम जारी है। प्रदेश के लोगों का ठंड से बुरा हाल है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में साफतौर पर देखा जा सकता है। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता हैं। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और रुम हीटर का सहारा ले रहे हैं। आज सुबह प्रदेश के ज्यादातर जिलों में घने कोहरे का कहर देखने को मिला। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं के साथ-साथ ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम जानकारों ने प्रदेश के 51 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। जिसेक मुताबिक रविवार को वाराणसी, आगरा, झांसी, हाथरस, मेरठ,गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़, इलाहाबाद, मथुरा, कानपुर, बुलंदशहर, लखनऊ, हापुड़, श्रावस्ती, बदायूं, बलरामपुर, गोरखपुर, गोंडा, एटा, प्रयागराज, फरुर्खाबाद, सुल्तानपुर, एटा, जौनपुर, औरैया, अंबेडकरनगर, जालौन, बहराइच, झांसी, अयोध्या, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, फिरोजाबाद, संतकबीर नगर, मैनपुरी, बस्ती,मऊ, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बलिया और इटावा जिले के आस-पास के इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 17 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक आज हमीरपुर, मैनपुरी, महोबा, ललितपुर, बुलंदशहर, झांसी, औरैया, मथुरा, अलीगढ़, जालौन, इटावा, बदायूं, कासगंज, हाथरस और फिरोजाबाद जिले के आस-पास के क्षेत्रों में आज बारिश हो सकती है। 21 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के चलते यूपी में मौसम फिर से करवट लेगा। वहीं 20 जनवरी को सुबह और देर शाम तक प्रदेश के कई जिलों हल्का और मध्यम कोहरा छाया रहेगा।